भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

VIDYAPEETH
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

आपकी तैयारी का विश्वास

भोपाल में, sahi शुरुआत



What Makes VIDYAPEETH Unique

- Expert Faculties with Proven Track Record
- Tech-enabled Smart Classrooms
- Personalized Mentorship
- Result oriented preparation methodology
- Numerous Success Stories in JEE, NEET & Olympiad
- 1 to 1 Doubt Support for clarity
- All India Test Series with rigorous assessment and analysis

MEET OUR SUPERSTARS



| MAJID MUJAHID HUSAIN | KAVYA SHARMA | SHAKSHAM JHA | SUGAM THAKUR | DEVRAJ AMOL PATIL | VAISHNAVI DAS | DASHRATH MEENA | ARGHYADEEP SAHA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IIT BOMBAY | IIT DELHI | IIT DELHI | IIT BOMBAY | AIIMS DELHI | AIIMS RAIPUR | AIIMS RISHIKESH | AIIMS BHUBANESWAR |

PW SAT
PHYSICS WALLAH SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP

ADMISSIONS OPEN 2026-27
For Classes 8th - 12th & Droppers

| Class 8th, 9th & 10th | Class 10th to 11th | Class 11th to 12th | Class 12th Pass Dropper Course |
|---|---|---|---|
| Foundation Batch 13th April 2026 | JEE: 13th April 2026<br>NEET (UG): 1st April 2026 | JEE: 1st April 2026<br>NEET (UG): 1st April 2026 | JEE: 13th April 2026<br>NEET (UG): 13th April 2026 |

VIDYAPEETH CENTERS

VIDYAPEETH (OFFLINE CENTRES)
Bhopal — ISBT : Plot No 4, ISBT Commercial Campus, Hoshangabad Road
MP Nagar : R - 24, Opposite Railway Track, MP Nagar Zone - II
Gwalior | Indore | Jabalpur

PATHSHALA (CENTRES)
Chhatarpur : Kanchan Bhawan, Opposite Maharaja College
Sagar : 2nd/3rd Floor Ramsaroj Plaza, Narsinghpur Road, Above Zudio Mall, Makroniya
Chhindwara | Rewa | Satna

For Vidyapeeth Enquiry 07314850132
For Pathshala Enquiry 9205115570

ENROLL NOW
For Classes 8th - 12th & Dropper

## खबर संक्षेप

### अहीर-यादव समाज का होली मिलन समारोह



**भोपाल।** अहीर-यादव समाज का होली मिलन समारोह रविवार को बरखेड़ी में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग इकट्ठा हुए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संरक्षक दिनेश यादव, पूर्व पार्षद राम यादव, प्रेम यादव, अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, महासचिव विशाल यादव, महामंत्री विनोद यादव, कन्नू यादव, लीला यादव, भगवान दास यादव, गेंदा पहलवान, लक्ष्मण चौधरी, मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव एवं धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे।

### एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**भोपाल।** भेल क्षेत्र की निजामुददीन कॉलोनी मस्जिद में रविवार को एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भोपाल सहित रायसेन, सीहोर के हज यात्री शामिल हुए। शहर काजी सय्यद मुश्ताक अली नदवी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हज यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानी और हज करने के तरीकों से अवगत कराया। मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के मास्टर हज ट्रेनर मुफ्ती मोहम्मद फैय्याज आलम भोपाल रवानगी से लेकर वापसी तक हज के पूरे तौर-तरीके व मॉडल और प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी।

## भक्ति-भाव से लोगों ने कराई कथा, रखे उपवास

# एकादशी के मौके पर राजधानी के मंदिरों में बाबा खाटू श्याम का फूलों से आकर्षक श्रृंगार, अर्पित किए 56 स्वादिष्ट भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मंदिरों में कामदा एकादशी के अवसर भगवान खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। कामदा एकादशी पर मोक्ष प्राप्ति की इच्छा पूर्ति के लिए एकादशी व्रत रविवार को रखा गया। सिंधी कॉलोनी टीटी नगर वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे वे बताया कि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत को विधि विधान से करने से चैत्र माह में रामनवमी के बाद शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी नाम से जाना जाता है। इस एकादशी को फलदा एकादशी भी कहा जाता है। भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत को लोगों ने श्रद्धा भक्ति के साथ किया। इस मौके पर कई लोगों ने सत्यनारायण की कथा कराई। तो वहीं श्रद्धालुओं ने व्रत का पालन किया।



रचना नगर के खाटू श्याम।

### राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर जी को 50 किलो गुलाब से सजाया



एकादशी पर राधा वल्लभ मंदिर में 50 क्विंटल फूलों से भगवान का श्रृंगार किया गया।

कामदा एकादशी के पावन अवसर पर इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर जी का भव्य गुलाब डोल सजाया गया। यह डोल लगभग 50 किलो विभिन्न रंगों के गुलाब एवं रजनीगंधा से निर्मित किया गया, जिसमें गुलाबी, लाल और पीले गुलाब विशेष रूप से शामिल रहे। गुलाब डोल बनाने की यह परंपरा अत्यंत प्राचीन है। चैत्र मास में ठाकुर जी को सुगंधित गुलाबों के हिंडोले में विराजमान कराया जाता है, जो भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। एकादशी के अवसर पर ठाकुर जी को विशेष रूप से मोहन भोग और खीर का प्रसाद अर्पित किया गया। साथ ही मौसमी फलों जैसे आम, खरबूजा एवं अन्य फलों का भी भोग लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धूप आरती से हुई, इसके बाद संध्या आरती सम्पन्न हुई।

## श्री शिव शक्ति धाम में श्री शिव महापुराण 24 अप्रैल से

**भोपाल।** श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम बैरसिया रोड में 24 अप्रैल से श्री शिव महापुराण और देवी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्री शिव महापुराण का वर्णन श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पीठाचार्य कथावाचन पंडित सुशील महाराज और देवी महायज्ञ पंडित अनुराग द्विवेदी जिला कन्नौज उप्र द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। रविवार को श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के सदस्यों ने श्री शिव महापुराण और देवी महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में व्यवस्थापक टीम का सर्वसम्मति से गठन किया गया है। जिसमें विजय सिंह अध्यक्ष नरेला विश्वविद्यालय जन भागीदारी समिति को सर्वसम्मति से व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है।



## संगठन ने की जंयती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली विशाल वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लिंक रोड पर एक घंटे तक लगा जाम ढाई किमी तक रेंगते रहे वाहन, चालक परेशान

डिजिटल कुशवाहा द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रविवार को भव्य वाहन रैली निकाली गई। जो अशोका गार्डन से शुरू होकर प्रभात चौराहा, प्रेस कांपलेक्स, बोर्ड ऑफिस चौराहा, लिंक रोड नंबर एक से प्लेटिनम प्लाजा चौराहा होते हुए अटल पथ स्मार्ट सिटी पर खत्म हुई। इस भव्य रैली का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर हार-फूल और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली में सजे-धजे वाहन, झंडे-बैनर और सम्राट अशोक का रथ आकर्षण का केंद्र रहा। समापन अवसर पर अटल पथ पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

डिजिटल कुशवाहा के संस्थापक एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान से ही अखंड भारत की पहचान है। हमारे राष्ट्रध्वज में उनके नाम का अशोक चक्र शामिल है। संगठन ने प्रशासन को एक मांग भी सौंपा, जिसमें सम्राट अशोक महान की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, सम्राट अशोक के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग की है।

### प्रदेश स्तर पर खुलवाएंगे आईएएस एकेडमी

डिजिटल कुशवाहास के संरक्षक लोकमन कुशवाहा ने कहा कि कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, सैनी, माली समाज के बच्चों के लिए प्रदेश स्तर पर संगठन की ओर आईएएस एकेडमी शुरू की जाएंगी।

### वाहन रैली से जगह-जगह लगा जाम

वाहन रैली की वजह से अशोका गार्डन से अटल पथ स्मार्ट सिटी के बीच कई जगह पर जाम की स्थिति बन गई। सबसे खराब स्थिति लिंक रोड नंबर एक पर देखने को मिली। यहां पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। इसके चलते ढाई किमी तक वाहन रैंगते रहे, चालक परेशान होते रहे है। वाहन चालकों का कहना था कि इस व्यस्त मार्ग पर प्रशासन की ओर से कैसे समाजिक संगठन को रैली निकलाने की अनुमति दे दी।

### जाम की कोई शिकायत नहीं मिली है

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि माता की प्रतिमा का विसर्जन हुआ है। इसके अलावा कोई जुलूस इस रास्ते से नहीं निकाला गया है। यदि कहीं जाम लगा है तो दिखाते हैं।

**संजय कुमार,**
**कमिश्नर ऑफ पुलिस**

## 25 मंडलीय श्री वर्धमान स्वामी विधान का आयोजन



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया जिनालय में महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के पूर्व में रविवार को को प्रातः 8 बजे से मुनिश्री 108 समय सागर के आशीर्वाद से मुनि श्रीउधम सागर, मुनि हीरक सागर के सानिध्य में 25 मंडलीय श्री वर्धमान स्वामी विधान विद्त जयदीप शास्त्री द्वारा सानंद संपन्न कराया गया, जिसमें स्टेशन बजरिया अध्यक्ष राजीव पंचरत्न ने समस्त धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न कराईं। स्टेशन बजरिया जैन समाज एवं शंकराचार्य नगर समाज उपस्थित रहा। प्रवक्ता नरेंद्र जैन ने बताया कि सन्मति सेवा संघ द्वारा मांगलिक भवन में शाम 7 से सुबह 7 बजे तक विक्की जैन द्वारा संगीत मय भक्तांबर पाठ भी बड़े भक्ति भाव से समाज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आज प्रातः 8 बजे स्टेशन बजरिया जैन मंदिर से श्री जी का जुलूस अभिषेक, शांति धारा के बाद धार्मिक क्रियाएं के साथ महावीर जिनालय में श्री जी को विराजमान कर समाप्त होगा।

## भोपाल के गिरजाघरों में मनाया पाम संडे, हुईं विशेष प्रार्थनाएं



ईसाई समाज का जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईसाई समाज ने पाम संडे मनाया। शहर के गिरजाघारों में देश - दुनिया में शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं हुईं। सुबह आठ बजे गिरजाघर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ शुरू हुआ। खजूर की डालियों को पकड़ कर होसन्ना गाते हुए जुलूस की शक्ल में गिरजाघरों में लोगों ने प्रवेश किया। संत हिरदाराम नगर की क्राइस्ट द किंग गिरिजाघर में विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान हुए। शोभायात्रा निकाली। वहीं आर्चबिशप दुरईराज ने रतनपुर स्थित सेक्रेड हार्ट चर्च में श्रद्धालुओं के साथ वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से यह आह्वान किया कि आज जब




दुनिया के कई हिस्से युद्ध और आपसी संघर्ष की आग में झुलस रहे हैं, तब हमें प्रभु यीशु के शांति संदेश की सबसे अधिक आवश्यकता है। संपूर्ण विश्व में युद्धों का अंत हो, नफरत की दीवारें गिरें और हर देश व समाज में शांति स्थापित हो।

पाम संडे पर गिरिजाघरों से शोभात्राएं निकलीं। पवित्र सप्ताह का पहला दिन, पाम संडे, ईसा मसीह के येरूशलेम में विजयी प्रवेश की याद दिलाई। जब लोगों की भीड़ ने खजूर और जैतून की डालियां लहराई थीं।



भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष -12 ■ वर्ष : 12, अंक : 357 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 36 न्यून. 24 haribhoomi.com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई, कहा नागरिक सुविधाओं को दें महत्व

- ये एल्डरमैन परिषदों में निर्वाचित पार्षदों की तरह ही काम करेंगे लेकिन इन्हें मतदान में हिस्सा लेने का अधिकार नहीं होगा
- नियुक्ति बहुत विलंब से हुई है क्योंकि निकायों का कार्यकाल ही लगभग एक साल शेष बचा

### नगर परिषदों में 4-4, नगर पालिकाओं में 6-6 पार्षद किए गए मनोनीत

# प्रदेश के 169 निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने लंबे इंतजार के बाद रविवार को प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए। आदेश के जरिए फिलहाल 123 नगर परिषदों में 4-4 और 46 नगर पालिका परिषदों के लिए 6-6 पार्षद (एल्डरमैन) मनोनीत किए गए हैं। ये परिषदों में निर्वाचित पार्षदों की तरह ही काम करेंगे लेकिन इन्हें मतदान में हिस्सा लेने का अधिकार नहीं होगा। हालांकि, नियुक्ति बहुत विलंब से हुई है क्योंकि निकायों का कार्यकाल ही लगभग एक साल शेष बचा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनियुक्ति एल्डरमैन को बधाई, शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की है कि वे नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। मुख्यमंत्री उन्होंने कहा कि नव नियुक्त सभी एल्डरमैन नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दें। शहरों के समग्र विकास, सुशासन और जन-भागीदारी को बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समस्त एल्डरमैन को सौंपी गई है। डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि 'विकसित मध्यप्रदेश-विकसित भारत' के संकल्प के साथ नव नियुक्त एल्डरमैन अपनी ऊर्जा, अनुभव और ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन यादव

### एल्डरमैन की भूमिका मार्गदर्शक की, निर्णायक की नहीं

एल्डरमैन का कार्यकाल परिषद के कार्यकाल के साथ ही समाप्त होता है। ये परिषद के मार्गदर्शक की भूमिका में होते हैं, निर्णायक की नहीं। इसीलिए इन्हें वोट देने का अधिकार नहीं होता। संगठन की सिफारिश पर नियुक्त होने वाले एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में ही सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं। नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति का मुख्य आधार प्रशासनिक अनुभव और नगर पालिका अधिनियम की जानकारी होता है।

### मकसद कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना भी

भाजपा इस बार एल्डरमैन की नियुक्तियों को केवल पद भरने के तौर पर नहीं, बल्कि निकाय चुनावों से पहले कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने के रूप में देख रही है। इसलिए नियुक्ति में उन पुराने और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## महावीर जयंती पर 31 के बजाए आज ही शासकीय 'अवकाश'

राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में महावीर जयंती पर अब 30 मार्च सोमवार को शासकीय अवकाश रहेगा। इससे पहले राज्य सरकार ने 31 मार्च को साामन्य अवकाश घोषित किया था, किंतु कई संगठनों के आग्रह पर सरकार ने इसमें संशोधन कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने अपने आदेश में कहा कि अवकाश घोषित करने की जवाबदारी स्थानीय स्तर पर कलेक्टरों को दी गई है। कलेक्टर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अवकाश के संबंध में निर्णय ले सकेंगे। इसके बाद भोपाल कलेक्टर समेत कई जिलों के कलेक्टरों ने आदेश जारी कर 30 मार्च को अवकाश घोषित कर दिया।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर सीएसके
शाम 7.30 बजे से

### खबर संक्षेप

**भारत में जन्मी पहली चीता 'मुखी' तीन साल की हुई**



श्योपुर। देश की धरती पर बने चीतों के पहले घर श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी पहली मादा शावक 'मुखी' ने 29 मार्च को अपने जीवन के 3 साल पूरे कर लिए हैं। भारत में जन्मी पहली मादा चीता के रूप में मुखी अब चीता पुनर्स्थापन परियोजना की बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है।

**ममता ने कहा- मेरी जान को खतरा, साजिश की बू**




कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनावी माहौल के बीच ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाए कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है, यहां तक कि उनकी जान को भी खतरा हो सकता है।

**हार्वेस्टर ने 3 युवकों को मारी टक्कर, 1 की मौत**



नरसिंहपुर। नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 547 पर एक हार्वेस्टर ने सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हैं। घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना ग्राम धुवघट के पास पाइप फैक्ट्री के नजदीक हुआ।



न्यूयार्क में ट्रंप के खिलाफ जुटे लाखों लोग

### ट्रंप का भारी विरोध, 'नो किंग्स' रैलियों में शामिल हुए लाखों लोग

### ईरान के साथ युद्ध को लेकर अमेरिका से यूरोप तक फैला ट्रंप का भारी विरोध

# 90 लाख लोगों ने कहा- ट्रंप को रोकिए...वे 'किंग' नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*मिनेसोटा के अलावा न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर हमले को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। यूएस समेत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और मानवता को वे तबाह करने पर आमादा हैं। इस बात से चिंतित अमेरिका ही नहीं यूरोप भी सड़कों पर आने लगा है। ये लोग कह रहे हैं कि ट्रंप कोई राजा नहीं हैं, जो मनमाना बर्ताव कर रहे हैं। इनको रोकना होगा। इनकी सनक को रोकना होगा। अन्यथा, दुनिया की बर्बादी तय हो जाएगी। शनिवार को अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 'नो किंग्स' यानी 'कोई राजा नहीं' के बैनर तले हजारों रैलियां हुईं। यूरोप, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी लोग सड़कों पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम रजिस्टर्ड किए गए



यूरोप, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी लोग सड़कों पर उतरे

ट्रंप व उनके समर्थक देशों के प्रमुखों के पुतले

### उल्टा झंडा यानी ऐतिहासिक संकट का संकेत

सेंट पॉल में मिनेसोटा कैपिटल के लॉन और आस-पास की सड़कों पर हजारों लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। कुछ लोगों के हाथों में अमेरिका के उलटे झंडे थे, जो ऐतिहासिक रूप से संकट का संकेत माना जाता है। अमेरिकी आयोजकों का अनुमान है कि 90 लाख लोग इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए। आयोजकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

शेयर बाजार का बुरा हाल

### 7 बड़ी कंपनियों के 1.75 लाख करोड़ डूबे

नई दिल्ली। युद्ध के बीच बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए किसी झटके से कम नहीं रहा। देश की सबसे मूल्यवान टॉप-10 कंपनियों में से सात को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। चंद दिनों के भीतर ही इन दिग्गज कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू (बाजार पूंजीकरण) में से 1.75 लाख करोड़ रुपए साफ हो गए। पूरे हफ्ते के कारोबार पर नजर डालें तो बीएसई का प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत लुढ़क गया। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी भीषण नाराजगी

**1 ग्रीस**

राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था।




**2 इटली**

राजधानी रोम में लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, ▶▶ शेष पेज 4 पर



**3 फ्रांस**

राजधानी पेरिस में एक महिला स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के रूप में तैयार होकर प्रदर्शन में शामिल हुई। पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे ▶▶ शेष पेज 4 पर





### बालाघाट में चलती कार बनी आग का गोला


## 3 की जिंदा जलकर मौत आठ साल की बच्ची बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चलती आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर आग का गोला बन गई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक 8 वर्षीय बच्ची सुरक्षित बच गई। आग इतनी तेजी ▶▶ शेष पेज 4 पर



**ई-स्कूटी में ब्लास्ट शादी का सारा सामान जलकर खाक**



शहडोल। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में शनिवार रात चार्जिंग में लगी एक ई-स्कूटी में अचानक ब्लास्ट हुआ और घर में खड़ी दो बाइक, एक ई-स्कूटी, लाखों रुपए के जेवरात, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मप्र विधानसभा के हॉल में दो दिन चलेगा

## युवा विधायक सम्मेलन आज से 3 राज्यों के विधायक होंगे शामिल


45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक आएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिनी सम्मेलन 30-31 मार्च को मप्र विधानसभा में आयोजित होने जा रहा है। इसमें 45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक शामिल होंगे। सम्मेलन में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 14 साल बाद मुंबई इंडियंस ने रचा इतिहास




### वानखेड़े में रोहित और रेयान ने की धुलाई

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराकर 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में केकेआर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 220/4 रन बोर्ड पर लगाए। इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

शनिवार रात को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही फ्लाइट

### हवा में ही था इंडिगो का विमान

## इमरजेंसी गेट खोलने लगा शख्स पकड़ा तो बोला- 'भूत ने करवाया'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शनिवार रात को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई-185 में एक यात्री ने दो बार इमरजेंसी एग्जिट डोर खोलने की कोशिश की। यात्री मोहम्मद अदनान ने पहली बार उड़ान भरने के 15 मिनट बाद और दूसरी बार लैंडिंग से ठीक पहले, जब विमान 500 फीट की ऊंचाई पर था, दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश के बाद पायलट ने लैंडिंग रद्द कर दी और विमान 10:35 बजे सुरक्षित उतरा, जिसके बाद अदनान को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में अदनान ने पहले भूत चढ़ने का बहाना बनाया, फिर कहा कि उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है। इस घटना से विमान में मौजूद सभी यात्री डर गए और हड़कंप मच गया। प्रोटोकॉल के तहत अदनान को तुरंत एयरलाइन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया। पुलिस को सूचना देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अदनान ने कहा कि वह गोवा से छुट्टियां मनाकर लौट रहा था और उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है।



अदनान (आरोपी)




फाइल फोटो

### प्रदेश में बाकी जगहों पर 37 से 38 डिग्री के बीच रहा तापमान

## खजुराहो में 39.8 और मंडला-नौगांव में 39 डिग्री तक गर्मी

आज कई जिलों में आंधी- बौछारें भोपाल में सोमवार रात से मंगलवार के बीच बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित ज्यादातर जिलों में बादलों के आने-जाने और कुछ जगह बूंदाबांदी के बीच रविवार को तापमान में डेढ़ से दो डिग्री तक बढ़त रही। राजस्थान की गर्म हवाओं और बादलों के असर से दिन और रात के तापमान में यह बढ़त दर्ज हुई है।

प्रदेश में सबसे गर्म रहे खजुराहो में दिन का पारा 39.8 डिग्री रहा, जबकि मंडला और नौगांव में 39 डिग्री तक दर्ज हुआ है। इन जिलों में करीब दो से 3 डिग्री तक बढ़त रही। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 36.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से दशमलव एक डिग्री अधिक है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी का बोट क्लब, शाम 6 :40 बजे का दृश्य

### औसत अधिकतम पारे में करीब डेढ़ डिग्री की बढ़त

अधिकांश जिलों में रविवार को गर्मी में कुछ वृद्धि हुई है। करीब एक दर्जन जिलों में दिन का पारा 37 से 38 डिग्री के बीच रहा। इनमें दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगौन, सतना, सिवनी और उमरिया में 38 डिग्री तक रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारे में करीब डेढ़ डिग्री की बढ़त रही। वहीं, रात में एक डिग्री तक बढ़कर औसतन 21 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में 2.6 डिग्री बढ़कर 22.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा है।

# भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार अकल्पनीय, अब हर तबके के लिए संभव हुई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार जितनी तेजी से हो रहा है वह अकल्पनीय है। मध्यप्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत भी की गई है, इससे गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को त्वरित उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाया जा रहा हैं। आज समाज के हर तबके के लिए हवाई यात्रा संभव हुई है।

अब हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज की यात्रा करने में समर्थ्य हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में लोकमाता अहिल्याबाई इन्टरनेशनल एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण कर इन्दौरवासियों सहित पूरे मालवांचल को अत्याधुनिक टर्मिनल की सौगात दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, जिससे हवाई यात्रा और भी अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनेगी। यह नया टर्मिनल इन्दौर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूती के साथ प्रतिस्थापित करेगा। इंदौर शहर की बेहतरीन हवाई सुविधाओं को अमेरिका क्वॉलिटी कॉउंसिल ने क्वॉलिटी सर्टिफिकेट से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने कॉउसिल की ओर से दिया गया क्वालिटी सार्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन इन्दौर एयरपोर्ट के पदाधिकारियों को सौंपकर बधाई दी।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री ने किया इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण
- इंदौर में हवाई सुविधाओं का हो रहा विस्तार, मिली अत्याधुनिक टर्मिनल की सौगात


सीएम ने इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण किया।

### हर 150 किमी पर एक कमर्शियल एयरपोर्ट विकसित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 एयरपोर्ट, 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड्स मौजूद हैं। बीते दो साल में ही प्रदेश में रीवा, सतना और दतिया में नए एयरपोर्ट का सफल संचालन हमने शुरु किया है। उज्जैन और शिवपुरी में भी नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कर ली है। इससे प्रदेश में कुल 10 एयरपोर्ट्स हो जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हर 150 किमी पर एक कमर्शियल एयरपोर्ट, हर 75 किमी पर एक एयरस्ट्रिप और हर 45 किमी पर एक हेलीपैड की सुविधा उपलब्ध हो। इस दिशा में हम तेजी से काम कर रहे हैं।

### नए टर्मिनल में मिलेंगी यात्रियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के नए टर्मिनल में यात्रियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इंदौर में पुनर्संरचना परियोजना के तहत करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से हुए विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों से एवं पुरानी टर्मिनल इमारत के नवीनीकरण के बाद अब यह नया टर्मिनल प्रति घंटे लगभग 400 यात्रियों को संभालने में सक्षम हो गया है। इसमें 14 चेक-इन काउंटर्स बनाए गए हैं और लगभग 300 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था भी यहां की गई है। करीब 6 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने इस टर्मिनल की वार्षिक यात्री क्षमता 15 लाख (1.5 एमएमपीए) है। यहां पर 18 उड़ानों का संचालन, 150 चार पहिया वाहनों की पार्किंग एवं वीआईपी रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### पीक आवर्स में भी बेहतर तरीके से भीड़ प्रबंधन किया जा सकेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्दौर में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हवाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस नए टर्मिनल में एक बहुत बड़ा वेटिंग एरिया विकसित किया गया है, जिससे पीक आवर्स में भी बेहतर तरीके से भीड़ प्रबंधन किया जा सकेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत भी की जा रही है।

---

### सिंहासा आईटी पार्क में लॉन्चपैड इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

# स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपना कर उद्यमिता विकास का हब बनेगा प्रदेश: सीएम डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपनाते हुए उद्यमिता विकास का हब बन जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा नवीन तकनीकी अपनाएं और स्टार्टअप करें एवं दूसरों को रोजगार देने वाले सफल उद्यमी बने। डॉ यादव ने कहा कि भोपाल में प्रदेश की पहली नॉलेज और एआई सिटी बन रही है। उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर के सिंहासा में स्थित आईटी पार्क में बने लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि मध्यप्रदेश को इनोवेशन हब बनाकर प्रदेश की भूमिका को सशक्त करना है। मध्यप्रदेश नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बन रहा है। स्टार्ट-अप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट के माध्यम से इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर भारत की स्टार्टअप क्रान्ति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्टार्टअप हब बन रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों और स्टार्टअप से किया संवाद


लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद सीएम।

#### विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से की चर्चा

डॉ यादव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि अपनी कंपनियों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। डॉ यादव ने युवाओं द्वारा अपनी सोच को नवीन तकनीकी से आकार देकर निर्मित की गई अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया। गत वर्ष इस सेंटर का भूमि-पूजन किया था और आज उसके लोकार्पण अवसर पर युवाओं की आधुनिक सोच एवं आइडियाज को देख कर प्रसन्नता हो रही है।

#### स्टार्टअप वाले युवाओं से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने आइडिया से स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा उद्यमियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से जाना की वे किस क्षेत्र में कार्य कर रहे है। उनका हौंसला बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को करने की अगर हमारी मंशा सही है तो उस कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। भारतीय औद्योगिक प्रबंध संस्थान इंदौर के निदेशक सुभाष एस जोशी ने बताया कि 'लॉन्चपैड : इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन (आईआईटी इंदौर का टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन एवं रिसर्च पार्क) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य डीप-टेक नवाचार को प्रोत्साहित करना, उच्च प्रभाव वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, उन्नत विनिर्माण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रदेश को सशक्त बनाना और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करना है।



## मुख्यमंत्री आज 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक राशि का करेंगे अंतरण

#### स्टार्टअप को भी अनुदान की प्रथम किश्त का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थ एमएसएमई विकसित मप्र की थीम पर मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार 30 मार्च को सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। साथ ही स्टार्टअप को भी लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी प्रदान करेंगे।

#### आज मुख्यमंत्री निवास में होगा भव्य आयोजन

एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यक्रम में लघु उद्योग निगम की ओर से मंत्री काश्यप 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश राशि का चैक भी सौंपेंगे।

#### उद्यमी युवा अपने अनुभव भी करेंगे साझा

मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन ईआईआर योजना अंतर्गत सहायता के रूप में प्रदेश के 43 जिलों के 286 स्टार्टअप्स को 3.43 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। मुख्यमंत्री प्रथम किस्त की राशि 28.6 लाख का वितरण सिंगल क्लिक से करेंगे। कार्यक्रम में आगर मालवा एवं बैतूल जिले के 3 उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन आदेश एवं एक उद्यमी को आशय पत्र का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 3 हितग्राहियों को 50.5 लाख रुपए की ऋण राशि का वितरण चेक के माध्यम से करेंगे और आनलाइन माध्यम से उद्यमियों को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन प्रमाण पत्र तथा आशय-पत्र भी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री से अनेक उद्यमी संवाद भी करेंगी। उद्यमी युवा अपने अनुभव भी साझा करेंगे।

---

### एसआईटी, सीबीआई जांच की मांग

## जल संसाधन विभाग में घोटालों का कांग्रेस ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में जल संसाधन विभाग से जुड़ा एक बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आने का दावा करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग में गलत गणना, सूचकांकों में हेरफेर और आधार महीनों के मनमाने चयन के जरिए ठेकेदारों को करीब 19.12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया, जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोपों का विस्तृत ब्यौरा देते हुए बताया कि अलग-अलग परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। सिंगरौली की रिहंद माइक्रो सिंचाई परियोजना में 8.95 करोड़ रुपये, शहडोल की भन्नी माइक्रो परियोजना में 3.14 करोड़ रुपये, दमोह में ग्रैविटी बांध निर्माण में 2.46 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। वहीं डिंडोरी की मुरकी परियोजना में 2.27 करोड़ रुपये की राशि की वसूली नहीं की गई, जबकि सिवनी की तिलवाड़ा नहर परियोजना में 1.49 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये अनियमितताएं केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का संकेत देती हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सिंगरौली परियोजना में जहां मई 2022 को आधार माना जाना चाहिए था, वहां मार्च 2021 का सूचकांक लागू किया गया। इसी तरह शहडोल में फरवरी 2022 के बजाय मार्च 2021 को आधार बनाकर भुगतान किया गया, जिससे ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

#### टेंडर प्रक्रिया में कुछ चुनिंदा कंपनियों का कब्जा

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग में टेंडर प्रक्रिया पर कुछ चुनिंदा कंपनियों का कब्जा है। उनके अनुसार, बड़े टेंडरों में बार-बार फलोदी कंस्ट्रक्शन और गुप्ता कंस्ट्रक्शन (मालिकः जगदीश गुप्ता) जैसी कंपनियां सामने आती हैं, जिससे पक्षपात और मिलीभगत की आशंका बढ़ती है। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली में "नौशाद" और अश्विन नाटू जैसे गैर-सरकारी व्यक्तियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि अब तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होना सरकार की कथित सांठगांठ को दर्शाता है।.पन्ना जिले के एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 47 लाख रुपये के अनियमित भुगतान के बावजूद संबंधित कर्मचारियों पर केवल वेतन वृद्धि रोकने जैसी हल्की कार्रवाई की गई, जो सरकार के रवैये पर सवाल खड़े करती है।

### लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू से की जांच की मांग

## जल संसाधन विभाग में भ्रष्टाचार की पोल खोलने प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधान विभाग में सालों से एक ही पद पर जमे अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से सीआर बिगाड़ने के नाम पर रिश्वत मांगी ज रही है। विभाग के अधिकारी क्लर्क के साथ मिलकर जो कर्मचारी उन्हें रिश्वत नहीं देते उनकी सीआर बिगाड़ देते है। राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने जल संसाधन विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 10 अप्रैल तक भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 13 अप्रैल को प्रमुख अभियंता कार्यालय पर प्रदेश भर कर्मचारी घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने प्रमाणित उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पाण्डेय ने अपने ही तीसरे उच्च समयमान वेतनमान के प्रकरण में घूस नहीं देने पर उनके ही बिगाड़ गए सीआर का हवाला देते हुए बताया कि उनकी ड्यूटी वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक निर्वाचन कार्य में एसडीएम गोविंदपुरा के अधीन लगाई गई थी और उनके सीआर एसडीएम गोविंदपुरा द्वारा वर्ष 2019 से बर्ष 2023 तक के लिखे गए थे। लेकिन सुशील पांण्डेय द्वारा घूस नहीं दिए जाने के कारण विभाग के घूसखोर अधिकारियों ने उनके तीन वर्ष के सीआर को बिगाड़ कर उच्च समय मान वेतनमान का लाभ लेने के लिए अपात्र बना दिया है। जबकि एसडी एम द्वारा लिखी गई सीआर को विभाग के अधिकारी द्वारा बिगाड़ा जाना एकदम अनुचित है। क्योंकि उक्त अवधि में सुशील पाण्डेय की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में एसडीएम के अधीन थी।

---

## सियासतनामा




### कई बार बन चुकी ऐसी गाइडलाइन

यह पहला अवसर नहीं है जब कहा गया कि प्रदेश सरकार के मंत्री कम से कम दो दिन सोमवार और मंगलवार को मंत्रालय में बैठेंगे और प्रदेश से आने वाले लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इससे पहले प्रदेश भाजपा की ओर से पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों के बैठने का शिड्यूल जारी किया गया था। मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे प्रभार के जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें और माह में कम से कम एक रात किसी गांव में गुजारें और लोगों की समस्याएं सुनें। रसोई गैस और पेट्राल-डीजल संकट के मौजूदा दौर में भी मंत्रियों को दौरे के निर्देश जारी हुए हैं। सरकार के कुछ मंत्री कुछ समय के लिए इसका पालन करते नजर आते हैं लेकिन बाद में पुराना ढर्रा प्रारंभ हो जाता है। मंत्रियों की दिलचस्पी सिर्फ उनसे मिलने पर होती है जो उनके अपने विधानसभा क्षेत्र से आते हैं।

### रामलला के दर्शन पर बयानबाजी क्यों?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करना ऐसा मसला नहीं था, जिसकी आलोचना की जाए। दिग्वजय ने कहा कि जब भगवान राम ने बुलाया, मैं उनके दर्शन करने आ गया। उन्होंने यह भी कहा कि हम धर्म का उपयोग व्यवसाय अथवा राजनीति के लिए नहीं करते क्योंकि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है। दिग्विजय ने कहा कि उन्होंने कभी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया। कहा गया कि दिग्विजय रामलला की शरण में राज्यसभा की सीट के लिए गए हैं या फिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति विरोध जताने के लिए। दिग्विजय इस बार राज्यसभा की दावेदारी से इंकार कर चुके हैं और राहुल गांधी अब तक भगवान राम के दर्शन करने अयोध्या नहीं पहुंचे।

### बिहार की तरह खेल बिगाड़ सकते हैं कांग्रेस विधायक

राज्यसभा के चुनाव में बिहार सहित कुछ राज्यों में कांग्रेस के विधायकों ने जो किया, उससे पार्टी को नुकसान हुआ और एनडीए अपेक्षा से ज्यादा सीटें जीतने में सफल हो गया। मध्य प्रदेश में भी राज्यसभा की तीन सीटें खाली होने वाली हैं। इनमें से एक दिग्विजय सिंह की है जो कांग्रेस को मिल सकती है लेकिन यदि बिहार और अन्य राज्यों की तरह कांग्रेस के आधा दर्जन विधायकों ने ही क्रॉस वोटिंग कर दी या दगा कर दिया तो पार्टी इस एक सीट से भी हाथ धो सकती है। विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा की विधायकी तो सुप्रीम कोर्ट ने बहाल कर दी है लेकिन यह भी कह दिया है कि वे राज्यसभा चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे। इस तरह कांग्रेस का एक वोट पहले ही कम हो चुका है।

### सिर्फ मुंह मीठा करने तक ठहर सकी खुशी

पूर्व मंत्री राम निवास रावत ने जब से कांग्रेस छोड़ी तब से ही भाग्य उनका साथ नहीं दे रहा है। पहले वे पार्टी छोड़ने के बाद हुए विजयपुर विधानसभा सीट ये उप चुनाव हार गए थे, जबकि तब वे प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री थे। उन्होंने मुकेश का चुनाव रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट ने याचिका पर फैसला देते हुए मुकेश का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया और दूसरे नंबर पर रहे राम निवास को विधायक बनाने का आदेश दे दिया। फैसला आने के बाद राम निवास के समर्थकों में मिठाइयां बंट गईं। लेकिन, यह खुशी सिर्फ मुंह मीठा करने तक ठहर सकी क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। राम निवास के अंदर मंत्री बनने की भूख इस कदर थी कि कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने तब तक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया था जब तक उन्हें मंत्री पद की शपथ नहीं दिला दी गई।

### पर, सूची है कि आती ही नहीं?

प्रदेश के निगम-मंडलों, आयोगों आदि में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर हो-हल्ला एक बार फिर जम कर मचा, पर नतीजा रहा सिफर। परदे के पीछे से सरकारी सुख-सुविधाएं भोगने की आस में बैठे दावेदार राजनेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया। नियुक्तियों को लेकर कसरत और केंद्र से हरी झंडी मिलने की खबर पहले से चल रही थीं, इस बीच जयभान सिंह पवैया को राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बना दिया गया। इससे राजनीतिक नियुक्तियों को और बल मिला। कहा जाने लगा कि नियुक्तियों पर केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लग गई है और कभी भी सूची जारी होने वाली है। पर, सूची है कि आती ही नहीं है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

### कांग्रेस नेत्री रूपाली शर्मा ने भाजपा नेताओं को लिया आड़े हाथ

## महिला उत्पीड़न पर महिला कांग्रेस ने कहा बृजभूषण जैसे नेताओं पर नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा की बहू और महिला कांग्रेस नेत्री रुपाली शर्मा ने महिला उत्पीड़न को लेकर भाजपा नेताओं पर हमला बोला। भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रूपाली शर्मा ने कहा कि सरकार बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की बात करती है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ अपराध कम क्यों नहीं करती है। भाजपा नेताओं की बहुत लंबी लिस्ट है जिनका महिला उत्पीड़न में नाम है। सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है।

कुलदीप सिंह सेंगर, बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह और अतुल चौरसिया जैसे नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। आदिवासी महिलाओं के बलात्कार का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ चलती गाड़ी में रेप हो रहे हैं, सरकार कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि भाजपा के नेताओं के नाम ही क्यों उत्पीड़न में सामने आ रहे हैं।


महिला कांग्रेस की पीसी।

#### कांग्रेस नेताओं पर भी होगी कार्रवाई

*रुपाली ने कहा कि अगर महिला उत्पीड़न में कांग्रेस नेताओं के नाम आते हैं तो उन पर कांग्रेस कार्रवाई करेगी। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के 2024 के आंकड़ों के मुताबिक 151 सांसद और विधायकों पर महिला उत्पीड़न के केस दर्ज हैं, जिसमें 54 भाजपा के तो 23 कांग्रेस के विधायक शामिल हैं। कोर्ट में दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।*

---

### पापीकोंडा राष्ट्रीय उद्यान के लिए मध्यप्रदेश से दो बाघिनों की मांग

## टाइगर स्टेट मप्र के बाघों की बढ़ी मांग, तीन राज्यों ने मांगे टाइगर राजस्थान के बाद आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और झारखंड से प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में 'टाइगर स्टेट' के रूप में पहचान बना चुके मध्य प्रदेश के बाघ अब अन्य राज्यों को भी आकर्षित कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड ने मध्यप्रदेश से बाघों की मांग की है। इससे पहले राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा भी बाघों की मांग कर चुके हैं, जिनमें से दो बाघ राजस्थान को भेजे जा चुके हैं। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2022 की बाघ गणना में मध्यप्रदेश में 785 बाघ दर्ज किए गए थे और पिछले कुछ वर्षों में इनकी संख्या लगातार बढ़ी है।

बाघों की बढ़ती आबादी के कारण उनके लिए उपलब्ध क्षेत्र सीमित पड़ने लगा है, जिससे टेरिटरी को लेकर संघर्ष की स्थिति बन रही है। इसके चलते बाघों की मौत के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने अन्य राज्यों को बाघ भेजने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वन मंत्री पवन कल्याण ने पापीकोंडा राष्ट्रीय उद्यान के लिए मध्यप्रदेश से दो बाघिनों की मांग की है। इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। मध्यप्रदेश ने वहां के पर्यावरण और अनुकूल परिस्थितियों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट अनुकूल होने और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की मंजूरी मिलने के बाद बाघिनों को भेजा जाएगा। वहीं झारखंड ने तीन बाघ (दो मादा और एक नर) के साथ 50 बायसन और 50 सांभर की भी मांग की है, जिन्हें पालामू टाइगर रिजर्व में बसाया जाना प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव फिलहाल एनटीसीए की मंजूरी के लिए भेजा गया है।


फाइल फोटो।

#### बाघों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई

*इसी तरह तेलंगाना के कवाल टाइगर रिजर्व में भी बाघों की स्थायी आबादी विकसित करने के लिए मध्यप्रदेश से बाघ मांगे गए हैं। वर्तमान में यहां बाघों की आवाजाही तो होती है, लेकिन कोई स्थायी आबादी विकसित नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के रामगढ़ विषधारी राष्ट्रीय उद्यान में दो बाघ पहले ही शिफ्ट किए जा चुके हैं। वहीं ओडिशा के डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में भी बाघों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।*

#### दो बाघ राजस्थान शिफ्ट

*ओडिशा और राजस्थान सरकार ने बीते वर्ष मप्र से बाघ मांगे थे। एनटीसीए की सहमति के बाद इन तीनों राज्यों में 10 बाघ भेजे जाने पर सहमति बन गई थी। इनमें से दो बाघ राजस्थान भेजे जा चुके हैं। बाकी दोनों राज्यों को भी बाघ भेजे जाने की योजना प्रक्रिया में है। वहीं ओडिशा सरकार ने मप्र से मिलने वाले बाघ के स्वागत के लिए डेब्रीगढ़ वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी में तैयारी पूरी कर ली है। राज्यों के लिए प्रक्रिया जारी - बल प्रमुख वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ हॉफ) शुभरंजन सेन के अनुसार, राजस्थान को दो बाघ भेजे जा चुके हैं और अन्य राज्यों के लिए प्रक्रिया जारी है। तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के साथ फिलहाल प्रारंभिक स्तर पर चर्चा चल रही है।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

8 चंदेरी की शान को रॉयल अंदाज़ में पेश करता द ...



12 रसोई गैस-पेट्रोल को लेकर प्रशासन की टीम...





# लेबर कॉलोनी में 55 दुकानें व 38 मकान बिना नोटिस के हटाने का विरोध, नाराज महिलाएं रोड पर उतरीं

## आवासों पर निशान लगाने पहुंचा था जिला प्रशासन का अमला, लोग बोले- 40 साल से रह रहे हैं, पट्टे भी हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंद्रपुरी-भवानीधाम फोरलेन निर्माण में बाधक करीब 93 दुकानें और मकान को हटाए जाने के विरोध में रविवार को दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में लेबर कॉलोनी की महिलाएं रोड पर उतर आईं। दरअसल लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड का चौड़ीकरण किया जाना है। उसके दायरे में आ रही दुकानें और मकान को हटाने के लिए बिना नोटिस दिए ही जिला प्रशासन का अमला कब्जे चिन्हित करने पहुंचा था।

कुछ बुजुर्ग महिलाएं तो रो पड़ीं। उनका कहना था कि उनकी दुकान ही जीवनयापन का एक मात्र सहारा है। जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद जीत राजपूत मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी इस तरह की प्रक्रिया का विरोध किया।

*रोड चौड़ीकरण को लेकर हटाई जानी हैं मकान और दुकानें*

*कई महिलाएं रो पड़ी, कहा- दुकान ही जीवनयापन का सहारा*

### रहवासियों का तर्क- रोड के दूसरी ओर जगह है, जहां रोड चौड़ा किया जा सकता है



लेबर कॉलोनी के महिला-पुरुषों के साथ पार्षद राजपूत भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

महिलाओं का कहना था कि उन्हें यहां से नहीं हटाया जाए। वे यहां 40 साल से रह रही हैं। पट्टे हैं। हमारा जीवनयापन का एक मात्र सहारा यही है। पंद्रह साल पहले जब रोड बन रहा था, तब भी उन्हें नहीं हटाया गया। अब हमें हटाया जाएगा तो हम अपनी गृहस्थी लेकर कहां जाएंगे। महिलाओं का कहना था कि रोड के दूसरी ओर जगह है, जहां रोड चौड़ा किया जा सकता है। इससे परिवार बचे रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इंद्रपुरी-भवानीधाम फोरलेन रोड करीब पंद्रह साल पहले बना था, लेकिन इंद्रपुरी लेबर कॉलोनी के सामने सिंगल लेन ही है, जिसे उस समय विरोध के बाद नहीं हटाया गया था। इस रोड पर एक पुलिया का भी चौड़ीकरण होना है। इसी पुलिया के पास ग्लोबल स्किल पार्क है। यातायात का दबाव बढ़ने के कारण सिंगल लेन पर जाम लगता है।

### राशन कार्ड और पट्टे हाथ में लेकर किया प्रदर्शन

महिलाओं ने अपने हाथ में गरीबी रेखा के राशन कार्ड और पट्टे हाथ में लेकर विरोध करते हुए कहा कि हम लोग कहां जाएंगे। हमारा जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। हमें यहां से नहीं हटाया जाए।

### बिना नोटिस और विस्थापन योजना के हटाना गलत: राजपूत

क्षेत्रीय पार्षद जीत राजपूत ने बताया कि उन्होंने एसडीएम से उक्त मामले को लेकर चर्चा की तो उनका कहना था कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण किया जाना है, जिसे लेकर दुकानें और मकान हटाए जाएंगे, लेकिन विस्थापन की योजना नहीं है। इसका उन्होंने विरोध दर्ज करवाया है। गरीब परिवार कहां जाएंगे। वे इस मामले को लेकर कलेक्टर को जल्द ही ज्ञापन देंगे।

## खबर संक्षेप



### छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्री कराने उमड़े लोग

**भोपाल।** रविवार को आईएसबीटी स्थित उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने वालों की खासी भीड रही। दरअसल एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को देखते हुए लोग पुरानी दरों पर रजिस्ट्री करवा रहे हैं। वित्तीय वर्ष समाप्ति के अभी दो दिन ओर शेष हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने भोपाल सहित प्रदेश के 55 जिलों की एक लाख 5 हजार 252 लोकेशन में से 65 हजार पर प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया है, जिससे इन जगहों पर प्लॉट और मकान खरीदना महंगा हो जाएगा।

### निगम के अमले ने 52 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** नगर निगम ने अमले ने रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 52 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा पाइप लाइनों में 33 लीकेज सुधारे। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन से मिली दो शिकायतों का निराकरण किया।

## एडमिशन और नौकरी के लिए भोपाल आई थी, रेप या गैंगरेप...असमंजस में पुलिस

# सहेलियों ने अपने पुरुष दोस्तों के साथ मिल कर पिलाई शराब.... नाबालिग से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में छिंदवाड़ा से आई 17 साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गत 18 मार्च की रात की बताई जा रही है। घटना के बाद नाबालिग अपने घर चली गई थी। वहां से लौटकर बागसेवनिया थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने उक्त मामले में साथ में शराब पीने वाली दोनों सहेलियों और उनके दोस्तों पर प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही पुलिस उस आरोपी की भी तलाश कर रही है, जिसने नाबालिग से नशे में शारीरिक संबंध बनाए थे। नसे में होने के कारण नाबालिग ठीक से पुलिस को बता नहीं रही है। लिहाजा पुलिस असमंजस में है कि उसके साथ रेप हुआ है या फिर गैंगरेप? पुलिस अब मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

एसीपी डॉ. रजनीश कश्यप ने बताया कि 17 साल की नाबालिग छिंदवाड़ा जिले की रहने वाली है। उसकी परिचित मोनिका बागसेवनिया इलाके में रहती है। मोनिका से उसकी बातचीत होती थी। नाबालिग को कॉलेज में एडमिशन कराना था। मोनिका ने उसे बायपास स्थित निजी कॉलेज में एडमिशन दिलाने की बात कही। साथ ही भोपाल में एक प्राइवेट नौकरी दिलाने का कहा।

18 मार्च की रात का मामला, भय से छिंदवाड़ा चली गई थी युवती | छिंदवाड़ा से वापस भोपाल आई बागसेवनिया थाने में केस दर्ज

### आरोपी सहेली के रूम में रुकी थी पीड़िता, रात में हुई थी पार्टी



नाबालिग छिंदवाड़ा से भोपाल पहुंची। 18 मार्च की रात वह मोनिका के रूम पर रुकी थी। इसी बीच वहां मोनिका और रेणुका के दोस्त एक अन्य युवक के साथ पहुंचे। फ्लैट पर पार्टी रखी गई। सभी ने मिलकर शराब पी और नाबालिग को भी शराब पिलाई। नाबालिग का कहना है कि मोनिका और रेणुका के दोस्त निखिल सिंह और अतुल मेड़ेकर के साथ पहुंचे एक अन्य युवक ने शराब के नशे में उससे दुष्कर्म किया था। डरी सहमी होने के कारण अगले ही दिन वह छिंदवाड़ा चली गई। वहां से 27 मार्च को भोपाल पहुंची और बागसेवनिया पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। बागसेवनिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मोनिका, रेणुका, निखिल और अतुल पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### रूम पर थे चार लोग दोस्तों का था आना-जाना

डीसीपी जोन टू विवेक सिंह ने बताया कि नाबालिग को आरोपियों ने शराब पिला दी थी। लिहाजा उसे होश नहीं कि उसके साथ क्या हुआ है। हालांकि रेप की पुष्टि हुई है। पुलिस सही बयान और जांच के बाद कार्रवाई करेगी। फिलहाल दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नवविवाहिता से ब्लैकमेलिंग

बैरसिया पुलिस ने 21 साल की नवविवाहिता की शिकायत पर रिश्तेदार के खिलाफ ब्लैकमेलिंग व आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला के पति से एक लाख रुपए की मांग कर रहा था। आरोपी ने पीड़िता की शादी के एक महीने बाद ही उसके पति व जेठ को फोटो और वीडियो भेजने शुरू कर दिए। उसने ब्लैकमेल करने का प्रयास किया कि यदि एक लाख रुपए नहीं दिए तो फोटो व वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर देगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बैरसिया के एक गांव में रहने वाली 21 साल की युवती की शादी बीते फरवरी माह में रायसेन जिले में हुई है। ग्राम बहरावल में रहने वाला अरविंद मेहरा युवती का रिश्तेदार है और शादी से पहले दोस्त भी रह चुका है। शादी से पहले ही युवती ने अरविंद से दोस्ती खत्म कर ली थी। पीड़िता का कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही आरोपी अरविंद उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश करने लगा। युवती ने उसकी बात मानने से इंकार कर दिया तो आरोपी ने उसके पति व जेठ को मैसेज करना शुरू कर दिए। पीड़िता का कहना है कि यह सिलसिला छह मार्च से 28 मार्च तक चलता रहा, लेकिन जब पता लगाया तो नंबर अरविंद मेहरा का निकला। खुलासा होते ही पीड़िता ने बैरसिया थाने में अरविंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

## बाजारों, स्टेशन, बस स्टैंड पर व्यवस्था

# अब सार्वजनिक स्थानों पर बनेंगे वाटर हट्स, राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के तेवर को देखते हुए नगर निगम का वाटर वर्क्स विभाग आम लोगों को ठंडा पीने का पानी मुहैया करवाने के लिए सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाटर हट्स बनाएगा। यहां बड़े मटके, मग और ग्लास रखे जाएंगे। मटकों में रोजाना पानी भरने की व्यवस्था भी निगमकर्मी करेंगे। इस काम के लिए निगम ने बाकायदा पांच लाख रुपए का बजट मंजूर किया है।

नगर निगम हर साल गर्मी का मौसम शुरू होते ही जगह-जगह अस्थाई प्याऊ बनवाता है। जहां मटके रखे जाते हैं, लेकिन इस बार प्याऊ हटस यानि झोपड़ीनुमा होंगे। अस्थाई बनने वाले इन वाटर हटस में चार मटके रखे जाएंगे, ताकि गर्मी में लोग ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझा सकें। निगम के जल कार्य विभाग से जुड़े मैदानी कर्मचारियों का मटकों में रोज पानी भरने का जिम्मा रहेगा।

निगम अधिकारियों के अनुसार, वाटर हट्स ऐसे स्थानों पर बनाए जाएंगे, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। इनमें प्रमुख बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, बस स्टॉप, प्रमुख चौराहे और सार्वजनिक स्थल शामिल हैं। गर्मी के मौसम में इन स्थानों पर लोगों को पीने के पानी की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है।



फाइल फोटो

### शहर में इन स्थानों पर होगा निर्माण

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, दस नंबर बस स्टॉप, शाहपुरा, 11 मील चौराहा, भदभदा रोड, जवाहर चौक, पीएनटी चौराहा, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, माता मंदिर, रविन्द्र भवन, बोट क्लब, कमलापार्क, लिंक रोड नंबर-2, तुलसी नगर, अरेरा कॉलोनी, 12 नंबर स्टॉप, एमपी नगर जोन-1, रचना टावर, रायसेन रोड ओरियंटल कॉलेज, प्रभात चौराहा, परिहार चौराहा, अशोका गार्डन, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1, हमीदिया रोड, भोपाल टाकीज, डीआईजी बंगला, शाहजहांनाबाद, कलेक्टर ऑफिस, लालघाटी चौराहा आदि स्थान।

## सर्विसलेन के एक साइड पर होगा संचालन

# होशंगाबाद रोड पर बनेगी शहर की पहली 'ऑन-स्ट्रीट पार्किंग', ट्रैफिक जाम से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में जहां नगर निगम ने नए पार्किंग स्थल चिन्हित किए हैं तो वहीं होशंगाबाद रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार ऑन-स्ट्रीट पार्किंग शुरू करने का फैसला किया है।

तेजी से विकसित हो रहे इस कमर्शियल कॉरिडोर में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए यह व्यवस्था सर्विस रोड के एक हिस्से में लागू की जाएगी। निगम प्रशासन ने इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार एक माह में यह पार्किंग शुरू करने की तैयारी है।

होशंगाबाद रोड तेजी से कॉमर्शियल हब के रूप में विकसित हो रहा है। यहां कई शॉपिंग कांप्लेक्स, रेसीडेंशियल कांप्लेक्स, मार्केट, व्यापारिक सेंटर हैं। सर्विसलेन पर ही लोग अपने वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े करते हैं। जबकि दूसरे छोर पर सर्विसलेन पर सरकारी भवन और संस्थाएं हैं, जहां स्ट्रीट पार्किंग की संभावना है। वहां केवल एक साइड पर ही व्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग की अनुमति होगी। इसके लिए रोड मार्किंग, साइन बोर्ड और दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे, ताकि वाहन चालक मनमाने ढंग से गाड़ियां खड़ी न कर सकें।

# अर्जुन फिटनेस क्लब की डिजाइन अपडेट होगी, बुजुर्गों के लिए अलग से पार्किंग

## बिट्टन मार्केट में हाउसिंग बोर्ड के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट देखने पहुंचे एसीएस दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संजय दुबे और कमिश्नर गौतम सिंह ने रविवार को साइट विजिट व समीक्षा की। एसीएस ने बिट्टन मार्केट में बन रहे अर्जुन फिटनेस क्लब और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट के निर्माण को देखा।

शहर के सबसे आधुनिक अर्जुन फिटनेस क्लब की डिजाइन को एसीएस ने अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्किंग स्पेस और बढ़ाने व बुजुर्गों के लिए अलग से पार्किंग बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अर्जुन फिटनेस क्लब वर्ल्ड क्लास का बनना चाहिए।

### वर्तमान एक मंजिला भवन को तोड़का हाईटेक 5 मंजिला बनाया जाएगा



निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव दुबे व कमिश्नर सिंह।

बिट्टन मार्केट में बन रहे कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट पर एसीएस ने इंजीनियरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की उच्च गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय से पहले प्रोजेक्ट पूरा किया जाए। बिट्टन मार्केट के पास स्थित अर्जुन फिटनेस क्लब को तोड़कर हाउसिंग बोर्ड विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला शहर का सबसे आधुनिक क्लब बना रहा है। करीब 40 साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने इस क्लब को बनाया था। करीब एक एकड़ में बना यह क्लब वर्तमान में एक मंजिल का है, जिसे तोड़कर 5 मंजिल का बनाया जाएगा।

### यह होंगी सुविधाएं

नए क्लब में ऑल वेदर स्विमिंग पूल होगा, यानि सालभर इसमें तैराकी का आनन्द लिया जा सकेगा। नए क्लब में 20000 वर्ग फीट में शहर का सबसे बड़ा और आधुनिक जिम होगा। 3 बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, योगा सेंटर, स्क्वैश और रूफ टॉप रेस्टोरेंट सहित तमाम आधुनिक सुविधाएं इस क्लब में होंगी।

## यात्री सुविधाओं में मध्य प्रदेश का पहला विमानतल बना, फ़ायर स्टेशन केट-7 से केट-9 अपग्रेड हुआ

# राजा भोज एयरपोर्ट पर नए डोमेस्टिक अराइवल हॉल में तीन हजार से अधिक यात्री बैठ सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर पैसेंजर के लिए डोमेस्टिक अराइवल हॉल सहित कुछ खास सुविधाओं का रविवार को सिविल एविएशन मिनिस्टर किंजरापु राममोहन नायडू ने देश भर में एयरपोर्ट डेवलपमेंट की पहल के तहत राजकोट से वर्चुअली प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। राजा भोज एयरपोर्ट पर नया डोमेस्टिक अराइवल हॉल का निर्माण किया गया है, जिसमें तीन हजार से अधिक यात्री बैठ सकते हैं। इसके अलावा नया फायर स्टेशन भी तैयार किया गया है।

कयात्री सुविधाओं का हुआ विधिवत उद्घाटन | केंद्रीय मंत्री नायडू, विधायक शर्मा और महापौर राय ने किया उद्घाटन

### आधुनिक नया फायर स्टेशन आग से सुरक्षा की क्षमताओं को बढ़ाएगा




डोमेस्टिक अराइवल से आवागमन करते यात्री।

राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाते हुए डिजी यात्रा का फॉर्मल का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस वर्चुअल उद्घाटन राजकोट में हुए इस इवेंट में एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन विपिन कुमार (आईएएस) और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के सेक्रेटरी समीर कुमार सिन्हा (आईएएस) शामिल हुए। जबकि भोपाल में इस मौके पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा और भोपाल की मेयर मालती राय मौजूद थीं। इस मौके पर डेडिकेटेड फायर एंड रेस्क्यू टीम ने मिनिस्टर के सम्मान में एक सेरेमोनियल वाटर कैनन सैल्यूट दिया। एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस नया फायर स्टेशन, आग से सुरक्षा की क्षमताओं को काफी बढ़ाएगा और फ़ायर स्टेशन केट-7 से केट-9 में अपग्रेड करने में मदद करेगा। जिससे लाइटों की पूरी इमरजेंसी तैयारी मजबूत होगी।

### पहली फ्लाइट से आने वाले यात्रियों का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया स्वागत

*इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर भोपाल रामजी अवस्थी और सीनियर अधिकारियों के साथ, खास लोगों ने नए अराइवल हॉल में पहली फ्लाइट से आने वाले यात्रियों का स्वागत किया। पहली अराइवल मुंबई से 174 यात्रियों को लेकर आई एयर इंडिया की फ्लाइट को नई सुविधा के जरिए आसानी से हैंडल किया गया। अब से आने वाले सभी यात्रियों को नए डोमेस्टिक अराइवल हॉल से प्रोसेस किया जाएगा। डोमेस्टिक अराइवल निचले ग्राउंड फ्लोर से होंगे, जबकि डिपार्चर मौजूदा लेवल से जारी रहेंगे। इस सफल ट्रायल के बाद, डिजी यात्रा को अब शहर के कैपिटल एयरपोर्ट को ऑफिशियली डेडिकेट कर दिया गया है, जिससे यात्रियों की बिना रुकावट, कॉन्टैक्टलेस प्रोसेसिंग हो सकेगी। इस डेवलपमेंट के साथ भोपाल एयरपोर्ट मध्य प्रदेश का पहला एयरपोर्ट बन गया है जो अराइवल और डिपार्चर को अलग-अलग फ्लोर लेवल पर ऑपरेट करता है। यह एक मॉडर्न डिजाइन अप्रोच है, जिसे बड़े एयरपोर्ट पर अपनाया जाता है, जिससे यात्रियों की सुविधा बढ़ती है और भीड़ कम होती है।*



उद्घाटन करते विधायक शर्मा, महापौर राय, डायरेक्टर अवस्थी।



## पेज एक का शेष....

### प्रदेश के 169 ...

समर्पण से अपने-अपने नगरों में प्रगति के नए आयाम जोड़ेंगे।

### मकसद कार्यकर्ताओं ...

अनुभवी नेताओं को प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें नगर प्रशासन का गहरा ज्ञान है। इसका एक मकसद कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना भी है। एल्डरमैन की नियुक्ति करके चुनाव से पहले जिला स्तर के उन सक्रिय नेताओं को एडजस्ट किया गया है, जो लंबे समय से नियुक्तियों का इंतजार कर रहे थे।

### 90 लाख लोगों ...

उतरे। मिनेसोटा के अलावा न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि हम यहां यह कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं कि अमेरिका में कोई राजा नहीं होता है। हम एकजुट रहकर अपनी आवाज उठाते रहेंगे और ट्रंप को राजा की तरह बर्ताव से रोकेंगे। मिनेसोटा इन प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र रहा।

**व्हाइट हाउस बोला-यह वामपंथी फंडिंग नेटवर्क का नतीजा:** मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इसे वामपंथी फंडिंग नेटवर्क का नतीजा बताया।

### उल्टा झंडा यानी ....

ने बताया कि सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम रजिस्टर्ड किए गए। इन कार्यक्रमों की अगुवाई करने वाले समूह के सह-कार्यकारी निदेशक एजरा लेविन ने एक इंटरव्यू में बताया कि यूरोप से लेकर लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया तक एक दर्जन से ज्यादा अन्य देशों में भी रैलियों की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में संवैधानिक राजतंत्र है वहां इन विरोध प्रदर्शनों को नो टाइरेंट्स (कोई तानाशाह नहीं) नाम दिया गया है।

### इटली....

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन किए। लोगों ने ऐसे बैनर थाम रखे थे जिन पर लिखा था, अति-दक्षिणपंथ को रोको और नस्लवाद के खिलाफ खड़े हो।

### फ्रांस ....

शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

### 3 की जिंदा...

से फैली कि अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया। राहगीरों ने किसी तरह खिड़की के कांच तोड़कर 8 वर्षीय पूर्वी राहांगडाले को बाहर निकाला। इसके बाद चालक सीतम केलकर (30 वर्ष) और उसकी मां नानाबाई केलकर (60 वर्ष) को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। लेकिन आग ज्यादा बढ़ जाने के कारण पिता नगारची केलकर (65 वर्ष), पत्नी सविता केलकर (28 वर्ष) और पुत्र अभि केलकर (3 वर्ष) को नहीं बचाया जा सका और उनकी कार में ही जलकर मौत हो गई। घटना रात करीब साढ़े 11 बजे बैहर-मलाजखंड रोड पर केवलारी चौराहे के पास हुई।

### ई-स्कूटी में ...

करीब दो लाख नकद और बेटी की शादी का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। अमलाई थाना क्षेत्र के धनपुरी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुनीता रजक के निवास पर यह घटना हुई। परिवार में 21 अप्रैल को बेटी की शादी तय है।

### युवा विधायक सम्मेलन...

दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047- युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का संबोधन होगा। समापन समारोह में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपस्थित रहेंगे।

### वानखेड़े में रोहित ....

जवाब में मुंबई ने 19.1 ओवर में 224/4 रन बनाकर जीत दिला दी। मुंबई ने आईपीएल के इतिहास में अपना सबसे बड़ा लक्ष्य भी चेज कर लिया। टीम को जीत दिलाने में रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन की पारी ने अहम योगदान दिया। रिकल्टन ने 43 गेंदों में 4 चौके और 8 छक्कों की मदद से 81 रन स्कोर किए। इसके अलावा रोहित शर्मा ने 38 गेंदों में 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 78 रन बनाए।

### खजुराहो में 39.8...

सोमवार से मंगलवार के बीच करीब एक दर्जन जिलों में आंधी के साथ बौछारों का दौर चलेगा। इस बीच राजगढ़, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां में रविवार को कुछ जगह बादल छाए और मामूली बौछारें पड़ीं। इन जिलों में सोमवार से मंगलवार के बीच भी मौसम में बदलाव के साथ आंधी और हल्की बारिश का दौर चलेगा। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद पारा 2 से 3 डिग्री तक कम होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मप्र और राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़ में सिस्टम के असर से प्रदेश में मौसम बदल रहा है। यह क्रम चार से पांच दिन जारी रहेगा।

---

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मध्यप्रदेश का दमदार प्रदर्शन

# कुश्ती-वेटलिफ्टिंग में कांस्य, हॉकी में जीत के साथ दोनों टीमें सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। कुश्ती में चांदनी नरेटी और वेटलिफ्टिंग में गुंजन उइके ने कांस्य पदक हासिल किए, वहीं हॉकी में पुरुष टीम ने गोवा को 11-2 से हराकर दमदार जीत दर्ज की। महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

KHELO INDIA TRIBAL GAMES 2026 CHHATTISGARH
भारत के जनजातीय खेल! छत्तीसगढ़ मा सुंदर मेल!

### हॉकी में पुरुषों की धमाकेदार जीत, महिलाएं भी सेमीफाइनल में

पुरुष हॉकी टीम ने गोवा के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 11-2 से जीत दर्ज कर अपनी ताकत दिखाई। वहीं महिला टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों के शानदार तालमेल और आक्रामक खेल ने दर्शकों को प्रभावित किया।

### कुश्ती में चांदनी नरेटी का संघर्षपूर्ण प्रदर्शन

चांदनी नरेटी ने 62 किलोग्राम वेट वर्ग की कुश्ती स्पर्धा में बेहतरीन तकनीक और दमदार मुकाबले का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच धैर्य और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला किया।

### वेटलिफ्टिंग में गुंजन उइके की ताकत का जलवा

वेटलिफ्टिंग की 86+ किलोग्राम श्रेणी में गुंजन उइके ने शानदार शक्ति और संतुलन का परिचय देते हुए कांस्य पदक हासिल किया। उनके प्रदर्शन ने दर्शकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया।

---

अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले जारी

# अभय गोस्वामी अकादमी ने कनारा को 3 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर के खेल मैदान पर विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को अभय गोस्वामी और कनारा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। कनारा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 30 ओवर में 177 रन बनाए।

इनमें वेदिका गुप्ता ने 58 और आयुष मालवीय ने 29 रन बनाए। अभय गोस्वामी के मोहम्मद साहिर ने 3 और राज व अतुलित ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट के नुकसान पर जरुरी रन बना लिए। विशाल ने 32 और मेहुल ने 32 रन बनाए। कनारा के रेयांश ने 3 विकेट लिए। वेदिका को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



वेदिका को पुरस्कृत करते अतिथि।

---

स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# एमपी पोस्टल ने भोपाल पुलिस को 2 विकेट से और कमिश्नर इलेवन ने सीजीएसटी को 26 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को विभागीय ग्रुप में दो मैच खेले गए, जिसमे पहला मैच भोपाल पुलिस और एमपी पोस्टल के मध्य खेला गया। भोपाल पुलिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 124 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इनमें गौतम ने नाबाद 32 रन की पारी खेली, जबकि परवेज ने 29 और सौरव ने 18 रन का योगदान दिया। अतिरिक्त के रूप में 15 रन मिले। एमपी पोस्टल के गेंदबाज महेंद्र मिश्रा ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि प्रियांश ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। आदित्य और मनोज ने 1-1 विकेट लिया।




जवाब में एमपी पोस्टल की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर यह मैच 2 विकेट से जीत लिया। इसके असद कमाल ने 33, नितिन ने 18, मनोज शेट्टी ने 17 और मयंक जैन ने 11 रन की पारी खेली। अतिरिक्त के रूप में 8 रन मिले। भोपाल पुलिस के गेंदबाज सोनू ने 3 विकेट लिए, जबकि बिट्टू ने 2 और सुनील ने 1 विकेट लिया। महेन्द्र मिश्रा एमपी पोस्टल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर मुकेश भटनागर और बीडीसीए सह सचिव मुजीबउद्दीन ने पुरस्कृत किया।

### सीजीएसटी विरुद्ध कमिश्नर इलेवन

वही, विभागीय वर्ग में आज का दूसरा मैच सीजीएसटी और कमिश्नर इलेवन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें कमिश्नर 11 ने टॉस जीतकर तय 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए, जिसमें मुदस्सर आलम ने 75, बिट्टू चौहान ने 62, रणवीर वेद ने 46 और निवेश ने 22 रन का योगदान दिया। प्रसन्ना और हिमांशु ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में सीजीएसटी की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए और यह मैच 26 रन से हार गई। कमिश्नर इलेवन के अजय सिंह ने 4 विकेट लिए, जबकि रणवीर वेद ने 2 विकेट लिए। मुदस्सर आलम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर जतिन सक्सेना ने पुरस्कृत किया।




---

# सिंधिया ट्रॉफी का फाइनल मैच इंदौर डिवीजन ने जीता

**भोपाल।** माधवराव सिंधिया ट्रॉफी 2026 इंटर डिवीज़नल सीनियर मेन्स लिमिटेड ओवर का फाइनल क्रिकेट मैच ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में इंदौर डिविजन और भोपाल डिविजन के मध्य मैच खेला गया।

**भोपाल डिवीजन को 16 रन से हराया**

इंदौर डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 360 रन बनाए, जिसमें चंचल राठौर ने 74, अन्वेष चावला ने 62, सागर सोलंकी 59 रन बनाकर नाबाद रहे और शुभम शर्मा ने 53, हर्ष गवली ने 51 रन बनाए। भोपाल डिवीजन के पृथ्वीराज तोमर ने 3, प्रारब्ध मिश्रा और तनिष्क यादव ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल डिवीजन ने 48.2 ओवरों में 344 रन बनाए, जिसमें कनिष्क दुबे ने 102, अरहम अकील ने 75न और ओजस्व यादव ने 60 रन बनाए। इंदौर डिविजन के गेंदबाज सौरभ शर्मा ने 5 और ईशान चौधरी ने 2 विकेट लिए। इस तरह इंदौर डिविजन ने भोपाल डिविजन को 16 रन से हराकर फाइनल की विजेता रही।

---

## जाहिर सूचना

**(मकान क्रमांक- 26, अंशुल विहार ग्राम बैरागढ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल)**

मैं अपने पक्षकार द्वारा निर्देशित किये जाने से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ, की मेरे पक्षकार के द्वारा साई कृपा ट्रेडर्स प्रोप. श्री उत्तम चावला आत्मज श्री फागुनमल चावला निवासी मकान नं- सी-53, सी सेक्टर सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना मिसरोद सलैया फेस-2 जिला भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व व अधिपत्य का एक किता आवासीय मकान क्रमांक 26 जो कि खसरा क्रमांक-250/186/3/1/2/1 एवं नया खसरा क्रमांक-371/5, का अंश भाग स्थित ग्राम-बैरागढ़ चीचली, अंशुल विहार (आकांक्षा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित) पटवारी हल्का नम्बर- 38/29 तहसील हुजूर वर्तमान तहसील कोलार भोपाल में नगर पालिक निगम, की सीमाओं के अन्दर तथा मुख्य। मार्ग से अन्दर वार्ड क्रमांक-84 में निम्नलिखित चौहद्दियों का स्थित है- तह. हुजूर (नई तह. कोलार) भोपाल म.प्र. में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 25x40=1000 वर्गफीट अर्थात 92.93 वर्गमीटर है. जिसमें भूतल पर 69.70 वर्गमीटर एवं प्रथम तल पर 69.70 पर मकान निर्मित है। जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है, दिशा पूर्व में रास्ता, दिशा पश्चिम में प्लाट क्रमांक-19, दिशा उत्तर में - नाला, दिशा दक्षिण में प्लाट क्रमांक-27, जिसको क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया गया है, अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की यदि उपरोक्त संव्यवहार से किसी बैंक, व्यक्ति, संस्थान, फर्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय, या कोई हितधारी, इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा उपरोक्त समय अवधि के उपरांत कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार और भूखण्ड स्वामी पर मान्य नहीं होगी।

भवदीय **शरद भार्गव** अधिवक्ता
नितिन बोर्डे (अधिवक्ता)
कार्यालय - म.नं. 244 एम-बी, राजहर्ष कालोनी, कोलार रोड भोपाल मोबाइल नं.:- 9522120202

---

# इंदौर ने भोपाल डिवीज़न को 128 रन के बड़े अंतर से हराया



एस.एम.खान ट्रॉफी 2026 अंडर-18 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर डिवीज़नल क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए एसएम खान ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट इंदौर के जिमखाना क्रिकेट मैदान में भोपाल डिवीज़न और इंदौर डिवीज़न के मध्य खेला गया। इंदौर डिवीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 317 रन बनाए। इंदौर से सार्थक वर्मा ने 133 और भव्य चोयल ने 44 रन बनाए।

भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में तेजस पटेल, दिव्यांश बंडोलिया और ओजस शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल डिवीजन ने बल्लेबाजी करते हुए 45.4ओवरों में 189 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, भोपाल से रुद्र प्रताप सिंह तोमर ने 61 और मलय श्रीवास्तव,नैतिक जैन ने 48- 48 रन बनाए। इंदौर डिवीजन के गेंदबाज प्रतीक दुबे ने 4 ट और अनय मिश्रा ने 2 विकेट लिए। इस तरह इंदौर डिवीजन ने भोपाल डिवीज़न को 128 रन से हराया। प्लेयर ऑफ़ द मैच इंदौर डिविजन के सार्थक वर्मा और प्रतीक दुबे संयुक्त रहे।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 28,29,30/03/26

## राशिफल

**मेष** – आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृष** – आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** – दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।

**कर्क** – भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** – आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।

**कन्या** – स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।

**तुला** – संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक** – गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।

**धनु** – यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।


**मकर** – करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।

**कुंभ** – सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।

**मीन** – दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

---

## शब्द पहेली - 6180



**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6179 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | प्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6190

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6189 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया : एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 फीसदी तक बढ़ गई

# 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर हुए वितरित, केंद्र सरकार बोली-एलपीजी आपूर्ति सामान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। अब तक 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए।

इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई। मंत्रालय के अनुसार किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टॉक खत्म होने (ड्राई-आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं है।


एलपीजी सिलेंडर

### ऑनलाइन बुकिंग में बढ़ोतरी

*उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है।*

## एलपीजी कनेक्शन छोड़ने वालों को कहा- थैंक्यू

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि कल तक लगभग 6000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने अपना एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिया। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद! आप भी उन नेक नागरिकों के इस मजबूत और साहसी समूह में शामिल हों, जिन्होंने बिना पीएनजी वाले लोगों को एलपीजी दिलाने में मदद करने के लिए एलपीजी कनेक्शन का उपयोग बंद कर दिया है।

### रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर कर रहीं काम

सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। देश भर में सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

### सरकार ने उपभोक्ताओं से की अपील

सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है। नागरिकों से वैकल्पिक ईंधनों जैसे पीएनजी और इंडक्शन/इलेक्ट्रिक कुकटॉप का उपयोग करने का भी अनुरोध किया गया है। सरकार ने कहा कि सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करें।

## शासन-प्रशासन के आदेश के बाद भी होटल रेस्तरा संचालकों को नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल केंद्र सरकार के दिशा निर्देश और आदेश के बावजूद राजधानी भोपाल के होस्टल और रेस्टोरेंट संचालकों को सिलेंडर नहीं मिल रहा है। गैस की किल्लत से होटल-रेस्टोरेंट संचालक परेशान है।

भोपाल होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली जो रंजीत होटल के खुद संचालक हैं का कहना है कि पहला आदेश 23 मार्च को जारी हुआ इसके बाद दूसरा आदेश 27 मार्च 2026 को केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया कि होटल संचालकों को 10 फीसदी और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति मिलेगी। बावजूद इसके होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायी को कमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर प्रशासन द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति देने का


कमर्शियल सिलेंडर

आदेश कंपनियों को दिया गया, लेकिन कंपनियों और गैस एजेंसियों द्वारा होटल-रेस्टोरेंट को अभी भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। राजधानी भोपाल में 2 हजार से अधिक और समूचे मध्यप्रदेश में 50 हजार से अधिक होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कई छोटे व्यवसायियों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी हैं। कारोबार चौपट होने की कगार पर पहुंच चुका है, जिससे व्यापारियों में नाराजगी बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने रेस्तरां, ढाबों और कैंटीनों के लिए 20 प्रतिशत गैस कोटा आवंटित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन राजधानी भोपाल में सरकारी आदेश जारी हुआ और होटल -रेस्टोरेंट वालों को 9 फीसदी सिलेंडर की बात कही गई, इसके बावजूद व्यवसायी को सिलेंडर नहीं मिला। जानकारों का कहना है कि उद्योगों की परेशानी दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों को वाणिज्यक एलपीजी का आवंटन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर युद्ध से पहले की मांग का 70 प्रतिशत कर दिया है। जिसमें इस्पात, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, रंगाई, केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों की परेशानी को कम करने और इन उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके, लेकिन देखना यह होगा कि व्यवधान जारी है।

### होटल एसोसिएशन ने जताई चिंता


तेजकुलपाल सिंह पाली

एमपी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी ने बताया कि पिछले 6-7 दिनों से प्रदेश के किसी भी होटल या रेस्टोरेंट को एक भी कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं हुई है। भोपाल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने कहा कि बाजार में यह अफवाह चल रही थी कि होटल मालिकों को कमर्शियल सिलेंडर मिल रहे हैं, लेकिन मुझे अब तक एक सिलेंडर भी नहीं मिला। भोपाल स्थित गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि प्राप्त हो रही गाड़ियों में केवल घरेलू गैस सिलेंडर मिल रहे हैं कमर्शियल सिलेंडर नहीं। मध्यप्रदेश फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहाकि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष का असर स्टील, सिरेमिक, ग्लास और प्लास्टिक उद्योग सहित उन सभी उद्योगों पर पड़ा है।

### नमकीन और मिठाइयों की कीमतें भी प्रभावित हुईं

कारोबारी प्रेमनारायण यादव ने कहा कि आम आदमी के घर के बजट में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। कई क्षेत्रों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। जिसमें खाद्य उद्योग जो कि पूरी तरह से एलपीजी गैस पर निर्भर करता है। इसकी आपूर्ति कम होने की वजह से नमकीन, मीठाई और मठरी बनाने की लागत 10 प्रतिशत तक बढ़ी है, साथ ही प्लास्टिक पैकेजिंग की लागत 25 प्रतिशत बढ़ने की वजह से 100 रुपए की नमकीन या मिठाई अब 150 रुपए तक बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप

### भारत:विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से नीचे

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो महीने बाद पहली बार 700 अरब डॉलर के नीचे आ गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 698.35 अरब डॉलर रह गया, जो एक हफ्ते पहले 709.76 अरब डॉलर था। फरवरी अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 728.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 13.5 अरब डॉलर घटकर 117.2 अरब डॉलर रह गया।

### टेक्नो स्पार्क-50 5जी डिवाइस लांच

**नई दिल्ली।** टेक्नो स्पार्क-50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है। सफर से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक यह डिवाइस हर स्थिति में साथ देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्टाइल, मज़बूती और रोज़मर्रा की मुश्किलों को झेलने की क्षमता का बेहतरीन मेल है, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तलापात्रा ने कहा टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### जिलेट ने अभिषेक को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई।** जिलेट इंडिया ने क्रिकेटर अभिषेक शर्मा को ब्रांड एंबेसर नियुक्त करते हुए कैंपेन के साथ ऑल-न्यू जिलेट गार्ड 3-इन-1 के लांच की घोषणा की। गार्ड 3-इन-1 एक उच्च-प्रदर्शन वाला किफायती उत्पाद है जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है। अभिषेक, जो इस नयी सोच का चेहरा हैं, बड़े लीग का शेव कैंपेन में नजर आते हैं, जिसका उद्देश्य पुरुषों की एक नई पीढ़ी को बेसिक शेविंग से आगे बढ़कर अधिक आत्मविश्वासपूर्ण और उन्नत ग्रूमिंग अनुभव अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### ईकोलिंक बना सनराइजर्स हैदराबाद का पार्टनर

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने उभरते हुए इलेक्ट्रिकल ब्रांड, ईकोलिंक और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस सहयोग के अंतर्गत, ईकोलिंक सनराइजर्स हैदराबाद टीम का ऑफिशियल पार्टनर होगा, जिससे भारत में ब्रांड की विजिबिलिटी और पहुंच बढ़ेगी। ईकोलिंक ग्राहकों से गहरा जुड़ाव स्थापित करते हुए एक ऐसे ब्रांड के रूप में आगे बढ़ रहा है जो भारतीय परिवारों को भरोसेमंद और प्रभावशाली सॉल्यूशंस प्रदान करने पर केंद्रित है।

वाणिज्यिक जीएसटी विभाग ने जारी की

## एक अप्रैल 2026 से वर्चुअल 'व्यक्तिगत सुनवाई' के लिए मानक संचालन प्रक्रिया

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी कार्यवाही में वर्चुअल व्यक्तिगत सुनवाई को अनिवार्य बनाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। यह नया प्रोटोकॉल 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। विभाग ने बताया कि कर प्रशासन को पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-आधारित बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य कर संबंधी कार्यवाही की प्रत्यक्ष प्रणाली को मजबूत करना और कर कार्यालयों में जाने की आवश्यकता को कम करना है। नई मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत मध्य प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 73, 74 और 74ए के अंतर्गत आने वाले मामलों में व्यक्तिगत सुनवाई, साथ ही विशिष्ट अपील कार्यवाही, वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। कर मांग, जुर्माना या अन्य कार्रवाई के आदेश पारित करने से पहले ऐसी सुनवाई प्रभावी होगी।



विभाग की वर्चुअल सुनवाई इस बात की पुष्टि करेगी कि करदाताओं को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का उचित अवसर प्रदान किया जाता है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के लिए महत्वपूर्ण है। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत एनआईसी वेबएक्स, गूगल मीट या माइक्रोसॉफ्ट टीम्स जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुनवाई आयोजित करने की अनुमति है। करदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को सुनवाई से आमतौर पर एक दिन पहले बीओ पोर्टल, पंजीकृत ईमेल या मोबाइल नंबर के माध्यम से तिथि, समय और वर्चुअल मीटिंग लिंक प्राप्त होगा।

### सुनवाई के बाद अधिकारी व्यक्तिगत सुनवाई का रिकॉर्ड पीडीएफ प्रारूप में तैयार करेगा

*सुनवाई के बाद, अधिकारी व्यक्तिगत सुनवाई का रिकॉर्ड पीडीएफ प्रारूप में तैयार करेगा और उसकी एक प्रति करदाता को ईमेल के माध्यम से भेजेगा। विभाग ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल किए गए दस्तावेज और वर्चुअल सुनवाई के रिकॉर्ड को जीएसटी कानून और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत वैध कानूनी रिकॉर्ड माना जाएगा।मानक परिचालन नीति (एसओपी) के तहत वर्चुअल सुनवाई अनिवार्य है।*

### पंप इंडस्ट्री ने सरकार के स्थिरता लाने वाले कदमों का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रमुख पंप निर्माता संगठनों इंडियन पंप मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच देश में स्थिरता और सामान्य स्थिति बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत किया है। इंडस्ट्री संगठनों ने सुझाव दिया है कि मौजूदा वैश्विक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए कुछ लक्षित नीतिगत सहायता उपायों की जरूरत है।

संगठनों ने पिछले छह महीनों में कच्चे माल की कीमतों में आई बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता जताई है। जिससे एमएसएमई आधारित पंप मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर भारी दबाव पड़ रहा है। पिछले एक साल में कॉपर की कीमतों में 50 प्रतिशत से ज़्यादा की वृद्धि हुई है, जो करीब 800-850 रु.प्रति किलो से बढ़कर 1,200 रू. प्रति किलो तक पहुंच गई है। कई तरह के पंपों में केवल कॉपर की हिस्सेदारी ही कुल लागत का 25-30 प्रतिशत होती है।

बैटरी टेक्नोलॉजी से मिल रही है ईवी विकास को रफ्तार

## भारत की सड़कों पर 18.1 लाख से अधिक पंजीकृत ई-रिक्शा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक प्रमुख बैटरी नवप्रवर्तक के रूप में, इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले एक दशक में कंपनी की बैटरी तकनीकों ने देशभर में 5 लाख से अधिक ई-रिक्शा के संचालन को समर्थन दिया है।

मध्य प्रदेश,दिल्ली/एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे प्रमुख बाजारों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। कंपनी हर साल 2 लाख से अधिक बैटरी पैक तैनात करती है और 200 से अधिक ओईएम के साथ साझेदारी कर रही है। ई-रिक्शा इकोसिस्टम ने रोजगार और आर्थिक अवसरों को भी बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हजारों लोग इससे अपनी आजीविका चला रहे हैं। भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का



विस्तार केवल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई-रिक्शा) के व्यापक उपयोग ने इसे नई दिशा दी है। आज ई-रिक्शा देश के अंतिम मील (लास्ट-माइल) परिवहन का मजबूत आधार बन चुके हैं। भारत की सडक़ों पर वर्तमान में 18.1 लाख से अधिक पंजीकृत ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिससे यह देश का सबसे बड़ा और व्यापक रूप से अपनाया गया इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट बन गया है।

## बिजनेस न्यूज

### कॅरियर इंस्टिट्यूट में कैंसर जागरुकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन



**भोपाल।** कॅरियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के ऑडिटोरियम में माहेश्वरी महिला संगठन पूर्वांचल द्वारा निःशुल्क विशाल कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह अद्भुत एवं जनकल्याणकारी पहल वास्तव में समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर आया। इस शिविर में डॉक्टर परामर्श, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर, कोलपोस्कोपी, मैमोग्राम एवं पैप स्मियर जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जीवन रक्षक जांचों को निःशुल्क किया गया। कार्यशाला में 67 महिलाओं का निर्धारित स्वास्थ्य जांचों के लिए पंजीयन एवं इतनी सुव्यवस्थित, सुसंगठित एवं सफलतापूर्वक संपन्न होना संगठन की कार्यकुशलता और सेवा भाव का जीवंत प्रमाण प्रदर्शित करता है। अध्यक्ष मनीषा काबरा ने बताया फोर्टिस हॉस्पिटल दिल्ली से आए प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ. वेदांत काबरा का अमूल्य योगदान इस शिविर की सफलता में स्वर्णिम अध्याय के समान है। उनके गहन अनुभव, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं संवेदनशील परामर्श ने उपस्थित महिलाओं में न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा का अहसास भी कराया। माहेश्वरी महिला संगठन पूर्वांचल की पूरी टीम एवं कॅरियर हॉस्पिटल सपोर्ट स्टाफ का इस नेक कार्य में योगदान अनुकरणीय है।

### राधारमण समूह के वार्षिक महोत्सव 'विहान' में प्रस्तुति देंगी अभिनंदा

**भोपाल** । तेरे इश्क में,सजना रे, दिल ये ठहर सा गया जैसे लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज देने वाली प्रसिद्ध पाश्र्व गायिका अभिनंदा सरकार कल 30 मार्च को भोपाल में प्रस्तुति देंगी। वे राधारमण समूह के वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव 'विहान' में फिल्मी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति देंगी। समूह के रातीबड़ परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 'विहान' महोत्सव के अंतर्गत 30 मार्च की शाम विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अभिनंदा सरकार अपनी सुरीली आवाज में हिंदी फिल्म संगीत की लोकप्रिय प्रस्तुतियाँ देंगी। उन्होंने फीफा वलर्ड कप में भी प्रस्तुति दी है। राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि विहान महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करना है।



### पीएंडजी शिक्षा ने 'अब सब जाएंगे स्कूल' गीत लांच कर दी अभियान को नई दिशा

**भोपाल** । पीएंडजी शिक्षा ने अब सब जाएंगे स्कूल गीत लांच कर देशभर में सीखने की कमी को दूर करने के अपने अभियान को नई दिशा दी है। नया गीत अब सब जाएंगे स्कूल लांच किया है। 21 वर्षों से 1 करोड़ से अधिक बच्चों की शिक्षा में सहायक यह पहल शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बना रही है,। यह अभियान उन बच्चों पर केंद्रित है जो स्कूल तो जाते हैं, लेकिन अपनी कक्षा के स्तर के अनुरूप सीख नहीं पाते। अब सब जाएंगे स्कूल गीत सीखने की खुशी और आत्मविश्वास में बदलाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। पीएंडजी शिक्षा पिछले 21 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर चुका है। इस पहल में माता-पिता, शिक्षकों और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है, ताकि बच्चों में झिझक और आत्म-संदेह को दूर किया जा सके। पीएंडजी इंडिया के ब्रांड ऑपरेशंस के सीनियर डायरेक्टर रजत ब्रार ने कहा कि एएसईआर जैसी स्टडी एक कठोर सच्चाई को दिखाती हैं-भारत में लाखों बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं, लेकिन सभी अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार नहीं सीख पा रहे हैं, जिससे सीखने का अंतर आज हमारे युवा शिक्षार्थियों के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया है। 'अब सब जाएंगे स्कूल विद पी एंड जी शिक्षा एक करोड़ बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की हमारी उपलब्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




### वीआईटी भोपाल की टीम विटाक्ष ने लांच किया बैलून सैटेलाइट मिशन

**भोपाल।** एयरोस्पेस शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की छात्र टीम विटाक्ष ने संस्थान का पहला हाई-एल्टीट्यूड बैलून सैटेलाइट मिशन सफलतापूर्वक लांच और संचालित किया। यह लांच महाराष्ट्र के चंद्रपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी स्पोर्ट्स ग्राउंड से किया गया। मिशन की संकल्पना, डिजाइन और विकास पूरी तरह छात्रों द्वारा किया गया, जो उनकी तकनीकी क्षमता, सुव्यवस्थित योजना और सटीक क्रियान्वयन को दर्शाता है। इस मिशन को चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादम्बरी एस विश्वनाथन और ट्रस्टी सुश्री रमणी बालासुंदरम का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय नेतृत्व, जिसमें वाइस चांसलर प्रो. सतीश कुमार मोध, प्रो वाइस चांसलर प्रो. टीबी श्रीधरन और एसएमईसी, एसईईई और स्कोप के डीन शामिल हैं का भी महत्वपूर्ण समर्थन रहा। फैकल्टी एडवाइजर डॉ. प्रशांत जीके ने मिशन को डिजाइन से लेकर लांच तक मार्गदर्शन दिया, जबकि लॉन्च ऑपरेशन में दीपक कुमार ने टीम का सहयोग किया। डॉ. प्रशांत के तकनीकी मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग ने छात्रों के विचार को वास्तविक मिशन में बदलने में अहम भूमिका निभाई।



### आईसीएआई भोपाल शाखा में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



**भोपाल।** आईसीएआई भोपाल शाखा द्वारा 28 मार्च 2026 को प्रतिष्ठित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ ज्ञान विज्ञान भवन ऑडिटोरियम, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में किया गया। इस सम्मेलन में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के प्रथम दिन लगभग 500 सदस्यों ने भाग लिया। प्रथम तकनीकी सत्र में सीए डीएस प्रेमनाथ ने सीबीएस वातावरण में एआई टूल्स का उपयोग करते हुए ऑडिट विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें ऑडिट प्रक्रियाओं में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हेड धीरेंद्र कुमार झा उपस्थित रहे। द्वितीय तकनीकी सत्र में सीए मेहुल ठक्कर ने नया आयकर अधिनियम 2025-फ्रेमवर्क एवं पीजीबीपी विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। तृतीय तकनीकी सत्र में सीए (डॉ.) विनोद गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026 के हालिया संशोधन पर विस्तृत चर्चा की एवं इसके व्यावहारिक प्रभावों को समझाया। यह सम्मेलन ज्ञानवर्धन, पेशेवर विकास एवं नेटवर्किंग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। सम्मेलन का दूसरा दिन भी विभिन्न विशेषज्ञ सत्रों के साथ जारी रहेगा।

## कृषि मंत्री की अध्यक्षता में मंडी बोर्ड में हुई वार्षिक बजट बैठक



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड की वार्षिक बजट बैठक (बोर्ड) बैठक अध्यक्ष एवं कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में निशांत बरबड़े सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग , आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम , देवेंद्र पी सिंह ज्वाइंट कमिश्नर सहकारिता, मंडी बोर्ड सदस्य अरुण सोनी ऑनलाइन जुड़े। इस मौके पर अनुराग सक्सेना अपर प्रबंध संचालक, आरआर अहिरवार अपर संचालक, मधुकर पवार अधीक्षण यंत्री , भारत भूषण सिंह चौधरी अधीक्षण यंत्री, योगेश नागले सहायक संचालक तथा मंडी बोर्ड के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अप्रैल में 14 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

## 4 रविवार और 2 शनिवार सहित अलग-अलग 8 दिन बैंक बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने यानी अप्रैल में मध्यप्रदेश सहित देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 14 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

आरबीआई की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार अगले महीने 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 8 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। महीने की शुरुआत यानी 1 अप्रैल को छुट्टी से होगी। पूरे देश में बैंक सालाना अकाउंट क्लोजिंग के कारण बंद रहेंगे। इस दिन बैंक में कोई भी ऑफलाइन काम नहीं हो पाएगा। बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**शेयर बाजार में 10 दिन कारोबार नहीं:** अप्रैल 2026 में शेयर बाजार में 10 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 8 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती पर भी बंद रहेगा।

## चिंतन

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।



संभावनाएं
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर

वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की



इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे। भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है।

इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता




बरतते हुए दवाइयों की जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है। देश में नकली और घटिया दवाओं की बाढ़ आ गई है। आए दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाएं पकड़ी जा रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 25 फीसदी के करीब दवाइयां नकली बिक रहीं हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह संकल्प साकार हो गया तो कोई भी वैश्विक संकट हमें चुनौती नहीं दे सकता

# स्वदेशी अब केवल 'विचार' नहीं, यह भारत की 'आवश्यकता'



सीमा भारद्वाज

आज पूरा विश्व संकट और युद्ध के दौर से गुजर रहा है। लेकिन, इस अशांत वातावरण के बीच भी जहां-जहां स्वदेशी की भावना जीवित है, वहां चैत्र नवरात्रि और रामनवमी जैसे पावन पर्व भगवान श्रीराम की कृपा दृष्टि से शांतिपूर्वक और मंगलमय रूप से संपन्न हुए। आज हम जिस हॉर्मुज जलडमरूमध्य की चर्चा कर रहे हैं, वह केवल एक समुद्री रास्ता नहीं है, बल्कि यह हमें एक बहुत बड़ा संदेश देता है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 60 प्रतिशत ईंधन (तेल-गैस) गुजरता है।

यह हमें सिखाता है कि जिस देश की ऊर्जा बाहर से आएगी, उसकी अर्थव्यवस्था भी बाहर से ही नियंत्रित होगी। इसके विपरीत, स्वदेशी विचार हमें यह संदेश देता है कि जिस देश का उत्पादन अपने हाथ में होगा, उसका भविष्य भी उसके अपने हाथ में होगा। भारत असहाय नहीं है। हमारे पास वैकल्पिक व्यवस्थाएं मौजूद हैं। देश ने आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तेल भंडारण की व्यवस्था की है, जैसे विशाखापट्टनम, मंगलोर और पादुर (चेन्नई) में संग्रहण केंद्र हैं। इससे संकट की स्थिति में भी भारत मजबूती से खड़ा रह सकता है। स्वदेशी का मार्ग स्पष्ट है। स्वदेशी जागरण मंच का मूल मंत्र है-जो हमारे देश में बन सकता है, वह बाहर से क्यों आए? आज हमें ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा को अपनाना होगा, बायोगैस और गोबर गैस को बढ़ावा देना होगा। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादन को सशक्त करना होगा, छोटे-छोटे उद्योगों और गृह उद्योगों को बढ़ावा देना होगा तथा स्वावलंबन केंद्रों के माध्यम से समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना होगा। समाज में जागरुकता फैलाना भी उतना ही आवश्यक है। हमें स्वयं स्वदेशी को अपनाना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। हमारा स्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए-हर घर और हर युवा उद्यमी स्वदेशी। जब हर घर में स्वदेशी का संकल्प होगा और हर युवा के हाथ में उद्यम होगा, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव होगा। विश्व के बदलते घटनाक्रम यह संकेत दे रहे हैं कि स्वदेशी अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन चुका है। अब समय है कि स्वदेशी की गूंज जन-जन तक पहुंचे, हर हृदय में आत्मनिर्भरता का संकल्प जागे और हर घर स्वावलंबन का केंद्र बने। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम स्वदेशी अपनाएंगे, हर युवा को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करेंगे और भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ताकि कोई भी वैश्विक परिस्थिति हमारी ताकत को चुनौती न दे सके।

(लेखिका स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख हैं)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आमजन समझदारी बरते

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा। - *पूजा यादव, रेवाड़ी*

## ट्रेंड


### मछुआरों पर गर्व

हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### फिटनेस पर ध्यान दें

मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर ज़रूर ध्यान दें। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### पीड़ितों को न्याय नहीं

ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाज़े पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी

भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह ज़ंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीक़े से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवत: इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और 'सबसे बड़े दुश्मन' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे।




किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का 'ग्राउंड जेट' परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं–आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।

# काली मंदिर के पास मृत पशु के अवशेष फेंकने वाले आरोपी को धरदबोचा

▸▸ पशु मालिक ने मरे हुए पशु के चमड़े से बनवाया था बटुआ

▸▸ बनाने वाले मोची ने मंदिर के पास फेंके थे अवशेष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित काली मंदिर के पास सड़क पर पुल किनारे मिले मृत पशु के अवशेष को फेकने वाले मोची को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि पशु के मालिक ने मृत हुए पशु के चमड़े से मोची के माध्यम से बटुआ बनवाया था।

इसके बाद मृत पशु के अवशेष बाइक पर रखकर अपने साथ ले गया और उसे काली मंदिर के पास पुल किनारे फेंक दिया। मंदिर के पास मृत अवशेष मिलने से हिंदू संगठन ने जमकर हंगामा किया था।


तलैया थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### 10 हजार रुपए का इनाम था घोषित

जानकारी के अनुसार 23 मार्च की रात हिंदू संगठन के लोगों ने काली मंदिर के पास पुल पर प्लास्टिक की बोरी में मृत पशु का अवशेष मिलने पर हंगामा किया था। पुलिस ने जय मां भवानी हिन्दू संगठन के अध्यक्ष भानू हिन्दू उर्फ शुभम आर्य की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर मृत पशु के अवशेष फेंकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने सहित सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जोन श्री ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास करीब 500 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। साथ ही जिंसी क्षेत्र व भोपाल शहर में पशु पालने वाले लगभग 35-40 डेरी के संचालकों से पूछताछ की गई।

### ऐसे गिरफ्त में आया आरोपी

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जहांगीराबाद के अहीर मोहल्ला शिव मंदिर के पास रहने वाले सुनील यादव उर्फ नन्दू के घर भैंस पली हुई है। भैंस का का बच्चा लगभग 7-8 दिन पहले मर गया था। पुलिस ने सुनील यादव उर्फ नन्दू, निवासी शिव मंदिर के पास अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद को हिरासत में लेकर सुनील यादव ने पूछताछ में बताया की मेरी एक भैंस से करीब 8 दिन पहले एक पड़िया (मादा बच्चा) को जन्म दिया। वह पड़िया बीमारी के कारण 22 मार्च की सुबह मर गई। मरी हुई पड़िया की खाल से बटुआ बनवाने के लिए रातीबड़ से फूलसिंह चौधरी को बुलवाया। जिसने मेरे घर आकर मरी हुई पड़िया की आधे शरीर की खाल से बटुआ बनाया और मृत पड़यिा के बचे हुए शव सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में भरकर अपने साथ ले गया। जिससे वह अपनी बाइक पर पीछे रखकर, बैरखेड़ी बाजाप्ता रातीबड़ जाने का कहकर निकला था। पुलिस ने फूलसिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की उसने मृत पड़िया का अवशेष काली मंदिर वाले पुल पर रोड किनारे फेकने की बात स्वीकार ली। पुलिस ने आरोपी से एक लोहे की छुरी और रस्सी सहित घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज से

**औबेदुल्लागंज।** भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय औबेदुल्लागंज में आज सोमवार से दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक महावीर कॉलोनी स्थित ब्रज कुंज कॉम्प्लेक्स में सेवा सदन आंख जांच केंद्र पर किया जाएगा। शिविर में आंखों की जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी शामिल है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क नंबर 9752940229 एवं 7587694767 पर संपर्क किया जा सकता है।

### शादी के बाद आईएएस सिहाग का कैडर बदला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी रवि कुमार सिहाग का कैडर बदलकर एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कर दिया गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने उन्हें औपचारिक रूप से रिलीव कर दिया है। जानकारी के अनुसार, एजीएमयूटी कैडर की आईएएस अधिकारी ईशिता राठी से विवाह के बाद रवि कुमार सिहाग ने कैडर परिवर्तन के लिए आवेदन किया था। दंपति को एक ही कैडर में पदस्थ करने का प्रावधान है, ताकि दोनों अधिकारी एक ही स्थान पर सेवाएं दे सकें।

### गांधी नगर से बैरागढ़ जा रहे थे दोनों भाई

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाइयों को टक्कर मारी, एक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित संत आसाराम नगर में शनिवार दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सगे भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे भाई को कम चोट होने के कारण उसकी हालत स्थिर है।

पुलिस के अनुसार करण पिता राकेश राव (24) मछली मार्केट बैरागढ़ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शनिवार दोपहर करीब तीन से चार बजे के बीच दोनों भाई अर्जुन राव के साथ गांधी नगर से बैरागढ़ जा रहे थे, तभी संत आसाराम ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों भाई बाइक से नीचे गिर गए थे। दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने करण को मृत घोषित कर दिया।




### आरोपी चालक की तलाश के लिए फुटेज खंगाल रही पुलिस

मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक अशोक प्रजापति ने बताया कि अर्जुन के बयान दर्ज किए गए थे, लेकिन वह यह नहीं बता सका कि उनकी बाइक को किस वाहन ने टक्कर मारी है। अर्जुन का कहना है कि टक्कर लगने के बाद वह बाइक सहित गिर गया था। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने दी जान

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत पुल और मंडीदीप के बीच शनिवार रात 8 बजे के आसपास एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से उसके शरीर के टुकड़े टुकड़े हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब एक किलोमीटर के दायरे से शव के टुकड़े उठवाकर मर्चुरी भेजे हैं। घटनास्थल से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस के अनुसार शनिवार रात सूचना मिली कि किसी युवक ने कलियासोत नदी के पुल के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है।

**मिसरोद में कलियासोत और मंडीदीप की बॉर्डर तक मिले टुकड़े**

### तलाक के बाद पत्नी दोनों बच्चों के साथ रह रही थी अलग

# मानसिक तनाव में किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित नीलकंठ कॉलोनी में शनिवार रात किराना व्यापारी ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव फंदे पर लटका देख नीचे उतारा और निजी अस्पताल लेकर गए। वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तलाक के बाद दोनों बच्चे पत्नी के साथ रह रहे थे। तलाक और बच्चों से अलग होने के कारण वह दुखी रहने लगे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि किराना व्यापारी डिप्रेशन का शिकार थे और इसी वजह से फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार नीलकंठ कॉलोनी बैरागढ़ निवासी उमेश कुमार खत्री (41) किराना व्यापारी थे। घर के नीचे ही उनकी किराने की दुकान थी। वह निजी फाइनेंस कंपनी के लिए रिकवरी का काम भी करते थे। शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे उमेश का शव दुकान में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के भाई अजीत खत्री ने बताया कि करीब 19 साल पहले उमेश की शादी हुई थी। उनके दो बच्चे हैं।

### अहिंसा विहार कॉलोनी में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# विधि-विधान, मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग मां दुर्गा और हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा


कलश यात्रा का स्वागत करतीं मंत्री कृष्णा गौर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गोविंदपुरा के अयोध्या नगर स्थित अहिंसा विहार कॉलोनी में श्रीराम मंदिर में भगवान भोलेनाथ, मां दुर्गा और हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। इस दौरान गाजे-बाजे के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या महिलाएं मौजूद रहीं और मंत्री कृष्णा गौर भी शामिल हुई। मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच भोलेनाथ, मां दुर्गा और हनुमान जी की प्रतिमा विराजित की गई। अंतिम दिन हवन का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसादी वितरित की गई। मंदिर के पुजारी आचार्य अरूणेश कृष्ण तिवारी ने बताया कि यह मंदिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां शिवलिंग के साथ मां दुर्गा और हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। श्रीराम मंदिर में भैरो बाबा, मां केदारेश्वरी देवी और माता शीतला की भी प्राण-प्रतिष्ठा विधि विदान से संपन्न हुई।

# गुफा मंदिर में 18 मई से होगा श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ, तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में 18 से 24 मई को होने वाले सप्त दिवसीय पंचकुण्डात्मक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, श्री यंत्रार्चन एवं वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में गणमान्य नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें महायज्ञ में होने वाले प्रत्येक बिन्दु पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही लोगो के सुझाव भी लिए गए।


बैठक में चर्चा करते महंत रामप्रवेश दास महाराज व पदाधिकारी।

अंतरप्रांतीय सिन्धी साहित्य सम्मेलन का आयोजन

# सिन्धी साहित्य में अनुवाद रोजगार प्राप्ति का एक श्रेष्ठ माध्यमः रामानी



अंतरप्रांतीय सिन्धी साहित्य सम्मेलन में चर्चा करते साहित्यकार।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर

दो दिवसीय अंतरप्रांतीय सिन्धी साहित्य सम्मेलन के अंतिम दिन देशभर के सिन्धी साहित्यकारों ने विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा कर सिन्धी साहित्य में अनुवाद परम्परा को अधिक प्रभावी बनाने की बात सिन्धी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय सिन्धी साहित्य सम्मेलन के दूसरे दिन कही। सिन्धी साहित्य में अनुवाद की स्थिति, संभावना, महत्व तथा आवश्यक प्रयासों पर बोलते हुए मुख्य वक्ता रश्मि रामानी ने कहा कि सिन्धी साहित्य में अनुवाद में असीम संभावनाएं हैं, यह लोगों के लिए रोजगार प्राप्ति का भी एक श्रेष्ठ माध्यम हो सकता है।

इस विषय पर आधारित सत्र की भूमिका डॉ. नादिया मसंद ने प्रस्तुत की तथा सत्र की अध्यक्षता अशोक मनवानी ने की।

### सिंधी साहित्य की महत्ता पर चर्चा

सिन्धी साहित्य में महिला महिला विमर्श के विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. विम्मी सदारंगानी ने कहा कि सिन्धी साहित्य में महिला को पुरुष का सहयोगी बताया गया है। इस सत्र की भूमिका द्रोपदी चंदनानी ने तथा अध्यक्षता डॉ. कमला गोकलानी ने की। सिन्धी साहित्य में मुख्य वक्ता प्रकाश तेजवानी ने साहित्यिक रचनाओं में वर्णित युवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस सत्र की भूमिका प्रिया वाछाणी ने प्रस्तुत की तो अध्यक्षता अशोक जमनानी ने की। डॉ. जितेंद्र थधाणी ने कहा कि सिन्धी और संस्कृत के कई शब्द, कहावतें और मुहावरे तक समान से प्रतीत होते हैं। इस सत्र की भूमिका डॉ. चारुमित्रा माखीजानी ने प्रस्तुत की तो अध्यक्षता हरीश करमचंदानी ने की। निदेशक राजेश कुमार वाधवानी ने आभार व्यक्त किया।

## स्व. पारस कुंवरबाई पटवा को श्रद्धांजलि...



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के भोपाल निवास पर माताजी स्व. पारस कुंवर बाई पटवा के देवलोकगमन के उपरांत वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी महावीर जयंती

**मंडीदीप।** नगर में भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रातः 8 बजे वार्ड नंबर एक स्थिति नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान का पूजन अभिषेक किया जाएगा। साथ ही धार्मिक क्रियाएं संपन्न होगी।

## डॉ. तोगड़िया के आगमन पर स्वागत समारोह कल

**औबेदुल्लागंज।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल, जिला भोजपुर के तत्वावधान में संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया के नगर आगमन पर 31 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे सीताराम चौराहा, औबेदुल्लागंज में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति द्वारा सनातन धर्मावलंबियों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। विभाग अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, विभाग सहमंत्री अजय पाल, विभाग मंत्री अरविंद खरे, विभाग संयोजक गोलू मालवीय, जिला महामंत्री वीएस पटेल, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष बच्चन लोधी, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत, जिला संयोजक लक्ष्मण विश्वकर्मा, जिला सह संयोजक पिंटू सिंह, जिला अध्यक्ष अखिलेश राजपूत, तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, तहसील महामंत्री विनोद प्रजापति, तहसील संयोजक सोनू गौर एवं नगर अध्यक्ष रंजीव यादव ने भोजपुर क्षेत्र के आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।



## महावीर जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**औबेदुल्लागंज।** सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव महावीर जयंती पर विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर (स्टेशन रोड) से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मेन रोड होते हुए बस स्टैंड कीर्ति स्तंभ तक जाएगी और वापसी में श्री नेमीनाथ जैन मंदिर होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। श्री नेमीनाथ जैन मंदिर में शोभायात्रा का स्वागत होगा एवं श्रीजी की आरती समाज के वरिष्ठ बसंत जैन, अनुराग नीति जैन, पवन जैन, शिमला जैन आदि करेंगे। शोभायात्रा के पश्चात श्री महावीर प्याऊ का शुभारंभ गणमान्य नागरिक करेंगे। इसके बाद श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान्न वितरण किया जाएगा। जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट एवं पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन ने सभी धर्मानुरागियों से समय पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है। महावीर जयंती के पावन अवसर पर दोपहर 2 बजे भोजपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक पर्वचंद जैन की स्मृति में श्री भक्तांबर पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन नीति अनुराग जैन के निवास स्थान पर संपन्न होगा।



### जल्द नहीं हटा चबूतरे का अतिक्रमण तो नपा कार्यालय का करेंगे घेराव

# सड़क में आवागमन में बाधा बन रहे चबूतरे को तत्काल हटाने को लेकर रहवासी एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप

नगर के वार्ड 16 में बन रही पक्की सड़क में बाधा बन रहे 4 फीट के चबूतरे के कारण लोगों को आवागमन में होने वाली समस्या को लेकर रहवासियों ने रविवार को एकत्रित होकर पार्षद से गुहार लगाई कि अगर ये अतिक्रमण जल्द नहीं हटाया गया तो हम नपा कार्यालय का घेराव करेंगे। कारण यह है कि कई वर्षों बाद नपा इस कच्चे सड़क को पक्का कर रही है, परंतु सड़क के बीच आए अतिक्रमण को नपा हटाने में असफल है।

कब्जाधारी भूरा अहिरवार से रहवासी परेशान है। रहवासियों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने को लेकर वह धमकी दे रहा है। वार्ड 16 के निवासी नंदराम अहिरवार ने बताया कि सड़क चौड़ी नहीं होने से भविष्य में आम जन को आने-जाने में समस्या उत्पन्न होगी। किसी बीमार व्यक्ति को तत्काल लाने, ले जाने के लिए यह कोई वाहन प्रवेश नहीं कर सकता, इसलिए प्रशासन को इसे तत्काल हटाएं।

### वैकल्पिक व्यवस्था होने के बावजूद भी नहीं हटाया अतिक्रमण


वार्ड 16 में सड़क निर्माण में बाधा बने चबूतरे को हटाने के लिए विरोध करती वार्ड की महिलाएं।

*अतिक्रमणकारी भूरा अहिरवार के घर में प्रवेश करने के लिए मुख्य एक सड़क पहले से है, जो घर में प्रवेश के लिए सीधा रास्ता है, उसके बावजूद भी सड़क पर बने चबूतरे को हटाने पर धमकी दे रहा है। नपा के अतिक्रमण दस्ते द्वारा इस अतिक्रमण पर क्या कार्रवाई होती है, ये एक बड़ा सवाल बना हुआ है।*

### बहुमंजिला मकान में बिना अनुमति के बना दिया भूतल

वार्ड 13 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग भी भूरा अहिरवार का है, जिसमें निर्माण भूतल (तल घर) पूर्ण रूप से अवैध है। नपा की आंखों में धूल झोंक कर निर्माण किया। भवन अनुज्ञा की अनुमति देने वाले अधिकारी इस अवैध निर्माण को लेकर क्या कार्यवाही करते है ये बाद में ही पता चलेगा।


वार्ड 13 में भूरा अहिरवार के द्वारा निर्माधीन बिल्डिंग में बना परिमशन के बना भूतल।

### बिना मंजूरी निर्माण कैसे?

वार्ड में नवनिर्मित बने भवन में बना बेसमेंट अवैध है इस पर नपा को कार्रवाई करना चाहिए। ये नपा की लचर व्यवस्था है, जिससे आए दिन बिना परमिशन के कोई कैसा भी निर्माण कर रहा है।

**जगदीश शर्मा,** पार्षद वार्ड 13 मंडीदीप

## नवरात्रि पर सेंगर परिवार ने किया श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज

निशिता पेट्रोल पंप पर इस नवरात्रि भी माता रानी का प्रसाद वितरित किया गया। चना-छोले, हलवा और ठंडा पानी श्रद्धालुओं को दिया गया।

आयोजन की अगुवाई पेट्रोल पंप संचालिका रश्मि सेंगर ने की, जिन्होंने परिवार सहित स्वयं प्रसाद बनाकर भक्तों को वितरण किया। इस अवसर पर प्रदीप सेंगर ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से यह परंपरा चल रही है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, भारत पेट्रोलियम के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन की सराहना की।

रश्मि सेंगर और उमा सेंगर ने बताया कि प्रसाद बनाकर स्वयं वितरण करने में उन्हें बहुत आनंद और माता रानी का आशीर्वाद महसूस होता है। इस परंपरा से क्षेत्र की जनता भी लाभान्वित होती है और संतोष व्यक्त करती है। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, भारत पेट्रोलियम के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और आयोजन की सराहना की।

# चंदेरी की शान को रॉयल अंदाज़ में पेश करता द जर्नी ऑफ विवन एंड हैंडलूम



मशहूर फैशन डिज़ाइनर मुमताज़ ख़ान ने इंदौर फैशन वीक में मप्र की पारंपरिक चंदेरी फैब्रिक पर आधारित अपना विशेष कलेक्शन बुनावट और हस्तशिल्प की यात्रा पेश की। उनका यह कलेक्शन आकर्षण का केंद्र रहा, और इसे सराहा गया


## चंदेरी साड़ियों से लेकर इंडो-वेस्टर्न तक हर डिजाइन में दिखी शाही झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फैशन डिज़ाइनर मुमताज़ ख़ान ने इंदौर फैशन वीक में मध्यप्रदेश की पारंपरिक चंदेरी फैब्रिक पर आधारित अपना विशेष कलेक्शन बुनावट और हस्तशिल्प की यात्रा प्रस्तुत किया। उनका यह कलेक्शन दर्शकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहा और इसे खूब सराहा गया।

**दर्शकों के बीच रहा आकर्षण का केन्द्र**





### पांच मीटर लंबे दुपट्टों के साथ चंदेरी की बारीक कारीगरी

इस कलेक्शन में चंदेरी की साड़ियों के साथ-साथ पार्टी वियर लहंगा-चोली, महिलाओं और पुरुषों के लिए शेरवानी, जैकेट्स, इंडो-वेस्टर्न परिधान और भोपाली जोड़े शामिल थे। खास बात यह रही कि पांच मीटर लंबे दुपट्टों के साथ चंदेरी की बारीक कारीगरी और उसकी चमक को बेहद खूबसूरती से उभारा गया। मुमताज़ ख़ान ने अपने इस कलेक्शन में चंदेरी को एक रॉयल और आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसने पारंपरिक और समकालीन फैशन का बेहतरीन संगम दिखाया।इस फैशन शो के शो-स्टॉपर मशहूर अभिनेता और मॉडल शाहवर अली रहे, जिन्होंने चंदेरी परिधान को बेहद आकर्षक अंदाज में पहनकर रैंप पर प्रस्तुत किया और दर्शकों का दिल जीत लिया।



*कत्थक नृत्यांगना तन्वी भारद्वाज की गणेश वंदना से हुई शुरुआत*

# बयार सांस्कृतिक महोत्सव-2 में सजी कृष्णलीला, दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## भगवान श्री कृष्ण के जीवन के विविध रूपों की मनमोहक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को बयार सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा कारवां बॉक्स थिएटर में आयोजित तीन दिवसीय बयार सांस्कृतिक महोत्सव-2 के दूसरे दिन की सांध्य बेला भक्ति और कला के रंगों से सराबोर रही। कार्यक्रम की शुरुआत उभरती हुई प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना तन्वी भारद्वाज की आकर्षक गणेश वंदना से हुई, जिसने दर्शकों को शुरुआत से ही बांध लिया।

इसके बाद प्रस्तुत की गई कृष्णलीला नृत्यनाटिका ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को सुंदर और प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। कृष्ण जन्मोत्सव से लेकर बाल लीलाएं, माखन चोरी, कालिया नाग वध, गोवर्धन लीला, गोपियों के साथ रास और कंस वध तक के दृश्य बेहद सजीव रूप में प्रस्तुत किए गए।

युवा अनुनाद 2026 में भावनाओं से भरी दो नाट्य प्रस्तुतियां, दर्शक हुए भाव-विभोर

# 'पूरे चांद की रात' में प्रेम और प्रतीक्षा की संवेदना का मिश्रण

## 'शहजादा' ने दिखाया सामाजिक यथार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में रंग माध्यम नाट्य संस्था द्वारा आयोजित 'युवा अनुनाद 2026' के तहत दो प्रभावशाली नाटकों 'पूरे चांद की रात' और 'शहजादा' का मंचन किया गया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रेम, स्मृति, समय और समाज की सच्चाइयों से रूबरू कराया।


दिनेश नायर के मार्गदर्शन में हुए इस मंचन में 'पूरे चांद की रात' का निर्देशन आयुषी गारवे ने किया, जबकि 'शहजादा' का निर्देशन अनुराग मिश्रा ने किया। दोनों ही प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।'पूरे चांद की रात' कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मार्मिक प्रेम कहानी है, जिसमें एक युवक और उसकी प्रेमिका के मिलन, बिछड़न और वर्षों बाद पुनर्मिलन को संवेदनशीलता से दिखाया गया।




नाटक पूरे चांद का मंचन करते कलाकार।

### अभिनय ने दर्शकों पर छोड़ी अमिट छाप

यह नाटक समाज की कठोर सच्चाइयों और अधूरे सपनों की पीड़ा को प्रभावशाली ढंग से सामने लाता है। दोनों प्रस्तुतियों ने अपनी सशक्त कहानी और अभिनय के जरिए दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। चांदनी रात में प्रतीक्षा और साथ भागने का निर्णय जैसे दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं 'शहजादा' में सुधा नाम की एक साधारण लड़की के जीवन संघर्ष को दर्शाया गया।




## जनजातीय संग्रहालय में सांस्कृतिक संध्या




# संभावना गतिविधि में नृत्य एवं गायन की हुई अद्भुत प्रस्तुति

ढिमरियाई, करमा नृत्य, जादूगरी और मालवी गायन ने दर्शकों का मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 'संभावना' गतिविधि के तहत रविवार को नृत्य, गायन और वादन से भरपूर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपनी लोक संस्कृति की झलक पेश की। टीकमगढ़ से आए शैलेंद्र सिंह सिसोदिया एवं उनके साथियों ने बुंदेलखंड का पारंपरिक ढिमरियाई नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य ढीमर समाज की सांस्कृतिक पहचान है, जिसमें मुख्य नर्तक रेकड़ी वाद्य के साथ गीत और नृत्य का समन्वय करते हैं। डिण्डोरी से जियालाल एवं साथियों ने गोंड जनजातीय करमा नृत्य प्रस्तुत किया, यह नृत्य कर्म और श्रम की महत्ता को दर्शाता है।



वही गतिविधि में आशिक खान द्वारा जादूगरी में कागज जला के नोट बनाना, गेंद गायब, माया जाल, धागा निकालना जैसे जादू की प्रस्तुति दी। हीरामणि वर्मा एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन में गौरी का नन्द गणेश ने मनावा बेन्या बई का व्याव में चालो नी चितारा..., कंचन थाल सजाओ अलेबली मोतियन चौक पुरोवा..., जैसे कई गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी।

### करमा नृत्य करमा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है

ग्रामवासियों में श्रम का महत्व है श्रम को ही ये कर्म देवता के रूप में मानते हैं। उसमें करमा नृत्य किया जाता है विन्ध्य और सतपुड़ा में बसने वाले युवक-युवतियां दोनों नृत्य में भाग लेते हैं, दोनों के बीच गीत रचना की होड़ लग जाती है। वर्षा को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में गोंड जनजातीय करमा नृत्य करते हैं।

# शिक्षा के महत्व को उजागर करता नाटक 'घमंडी राजा'

## गांधी भवन में गुना के बाल कलाकारों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अर्घ्य प्रेक्षागृह, गांधी भवन परिसर में चार दिवसीय नाट्य समारोह में मुखौटा कलामंच, गुना के बाल कलाकारों ने प्रशांत चटर्जी द्वारा लिखित, विष्णु झा के निर्देशन में नाटक 'घमंडी राजा' की प्रस्तुति दी। भारतीय जनमानस में अशिक्षा जब तक देश की बहुमत जनता अशिक्षा अज्ञानता और अंधविश्वास की दलदल में डूबी रहेगी, तब तक चालक और समझदार लोग उन पर राज करते रहेंगे, क्योंकि सत्ता की ताकत बहुमत जनता की अज्ञानता में निहित है। प्रस्तुत नाटक शिक्षा के महत्व को उजागर करता है, जो एक जातक कथा पर आधारित है जिसमें एक सीधे-साधे धोबी को



एक पढ़े-लिखे व्यक्ति के द्वारा मूर्ख बनाकर ठग लिया जाता है। इसमें दोष सिर्फ मूर्ख बनाकर लूटने वाले का नहीं बल्कि लुटने वाला भी उतना ही जिम्मेदार है। लेखक ने नाटक के बहाने से इस बात पर जोर दिया है कि हमें अपनी अज्ञानता और अंधविश्वास की कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। रामदास जैसे लाखों लोग अज्ञानता वश या जानबूझकर मूर्ख बनते आ रहे हैं। शिक्षा से आशय सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अंधविश्वासों से मुक्ति पाना भी है।

नाद चैतन्य के आयोजन में राग भूपाली से लेकर ठुमरी और भजन तक की मनमोहक प्रस्तुति

# राजधानी में गूंजा शास्त्रीय संगीत का सुरमयी रंग पं. कैवल्य ने बांधा समां, मौजूद श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन के गौरांजनी सभागार में शास्त्रीय संगीत की एक शानदार संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर की जानी-मानी संस्था नाद चैतन्य द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित कैवल्य कुमार गुरव धारवाड़ ने अपनी गायकी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्कृति विभाग की डिप्टी कलेक्टर भारती सिंह राजपूत रहीं।

पंडित कैवल्य कुमार गुरव ने कार्यक्रम की शुरुआत राग भूपाली से की। उनकी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति ने ऐसा वातावरण बनाया कि श्रोता पूरी तरह संगीत में डूब गए। इसके बाद उन्होंने तीन बंदिशें बेहद सुंदर तरीके से प्रस्तुत कीं।

आगे उन्होंने राग देश में ठुमरी गाकर कार्यक्रम को और भी मधुर बना दिया। ठुमरी की मिठास ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में उन्होंने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से भर दिया।

हास्य-व्यंग्य गोष्ठी ने खूब गुदगुदाया

# व्यंग्य व्यक्ति पर नहीं, प्रवृत्ति पर होना चाहिए: डॉ. साधना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में लेखक संघ द्वारा हास्य-व्यंग्य गद्य-पद्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार मुकेश वर्मा उपस्थित रहे। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. साधना बलवटे और प्रदीप नवीन और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रामवल्लभ आचार्य मौजूद रहे।

सुधा दुबे ने 'घड़ियाली आंसू' पर व्यंग्य सुनाया, वहीं कैलाश सोनी 'सार्थक' ने समय की विडंबनाओं पर कटाक्ष किया। अशोक व्यास, सीमा हरि शर्मा और सुनील चतुर्वेदी की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। आलोक जैन ने अपनी क्षणिकाओं के माध्यम से हास्य के साथ संदेश दिया, जबकि राज गोस्वामी और यशोधरा भटनागर की रचनाओं को भी सराहना मिली। सुरेंद्र सिंह 'हमसफर' और राजेंद्र चौहान के व्यंग्य ने माहौल को रोचक बनाए रखा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मनीष बादल ने व्यंग्यपूर्ण दोहे और लघुकथाएं सुनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। डॉ. रामवल्लभ आचार्य और प्रदीप नवीन की रचनाओं को भी खूब सराहा गया। डॉ. साधना बलवटे ने अपने व्यंग्य 'दो पेड़ों की बातें' के माध्यम से स्मार्ट सिटी में पेड़ों की कटाई पर तंज कसा और कहा कि व्यंग्य किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि समाज की प्रवृत्तियों पर होना चाहिए।

यंग थिंकर्स फोरम ने किया तीन सम-सामयिक विषयों पर वार्ता का आयोजन

# कोई भी रिलीजन 'एकमात्र सत्य रिलीजन' का दावा नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा न्यू मार्केट स्थित कार्यालय पर 3 सम-सामयिक विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें युवाओं द्वारा सामूहिक परिचर्चा की गई और विषय विशेषज्ञ प्रभाव शर्मा द्वारा विषय रखा गया। प्रथम विषय हाल ही में इलाहाबाद हाई-कोर्ट के जजमेंट पर चर्चा थी जिसमें उच्च-न्यायालय ने ईसाई पादरी फादर विनीत विंसेंट परेरा की याचिका यह कहकर ख़ारिज की कि भारत एक सेक्युलर देश है, इसलिए इसमें किसी के भी द्वारा यह दावा



करना कि उनका रिलीजन ही एकमात्र सत्य रिलीजन है, अन्य धर्मों का अपमान है और उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। इसलिए ये अनुच्छेद 295ए के अंतर्गत अपराध है। चर्चा में इस्लाम और ईसाईयत की किताबों, बाइबल और क़ुरान का संदर्भ देकर कहा गया कि ये तो इन मज़हबों का मूलभूत सिद्धांत ही है।

### हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अलावा किसी रिलीजन में कन्वर्ट होने पर नहीं मिलेगा एससी का दर्जा

हाल ही में आंध्र प्रदेश के ईसाई पादरी चिंथदा आनंद ने एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत एफ़आईआर दर्ज की किंतु प्रतिवादी ने उनके ईसाई होने के का हवाला देकर कहा की चूंकि ये प्रैक्टिसिंग क्रिश्चियन हैं, इनको अनुसूचित जाति नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने भी अपने निर्णय में यही कहा। यदि किसी कन्वर्ट को रिकंवर्ट होकर एससी के लाभ लेने हैं तो उनको ये प्रमाणित करना होगा कि वे पहले एससी थे।

### 'ट्रांसजेंडर की परिभाषा स्वघोषित नहीं, बल्कि वैज्ञानिक मापदंडों से तय होगी'

हाल ही में सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ़ राइट्स) संशोधन बिल 2026 के माध्यम से ट्रांसजेंडर की क़ानूनी परिभाषा को अधिक स्पष्ट और सत्यापन आधारित बनाया गया है। ये इसलिए किया गया क्यूँकि सेल्फ-आइडेंटिफाइड ट्रांसजेंडर द्वारा हो रहे दुरुपयोग का निवारण कर वास्तविक थर्ड-जेंडर को लाभ मिल सकें।




## पलक्कड़ में पीएम मोदी की महारैली, जनता को किया संबोधित, बोले

# एलडीएफ-यूडीएफ ने किया सत्ता का व्यापार, एक भ्रष्ट तो दूसरा महाभ्रष्ट, राज्य को लूटकर आपस में 'बांटा'

### दोनों ही गठबंधन वोट बैंक की राजनीति में लिप्त और राज्य हो रहा बेहाल

एजेंसी ▶▶ पलक्कड़

पीएम नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार उन्हें केरल में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है। भीड़ के उत्साह को देखकर कहा कि पलक्कड़ का यह मिजाज अब एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दशकों से केरल दो प्रमुख गठबंधनों वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों ही गठबंधन वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं और राज्य के विकास की अनदेखी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे 'सुंदरतम' क्यों कहा जाता है?

**लोगों से किए केवल खोखले वादे**

पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए

अब यहां बदलाव नहीं जनआंदोलन दिखाई दे रहा

विकास करना इनसे कोसों दूर दिख रहा


पलक्कड़ में महारैली को संबधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साथ में वरिष्ठ पार्टीजन


पीएम मोदी ने केरल के मशहूर ड्रम 'चेंडा' पर हाथ आजमाया

**एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें केरल में एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय राज्य की जनता और भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि कई कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हिंसा के कारण अपने प्राण गंवाए हैं और उन्होंने मंच से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को 'भ्रष्ट' और 'महाभ्रष्ट' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं और इन्हें विकास की कोई परवाह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दोनों ने दशकों तक केरल को लूटा और आपस में लाभ बांटा है। इनके बीच समझौता था कि कुछ साल एक सरकार चलाएगी और फिर दूसरी।

### असम चुनाव के लिए कांग्रेस ने दी 6 गारंटी



## महिलाओं के खाते में पैसे, 25 लाख का कैशलेस इलाज

**लखीमपुर।** असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए कांग्रेस ने रविवार को 6 गारंटी का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखीमपुर में एक चुनावी जनसभा में इन पांच गारंटी का ऐलान किया। असलियत में यहां 'डबल लूट' की सरकार है।

**कांग्रेस ने कहा**

- हर महिला के बैंक खाते में बिना शर्त मासिक नकद हस्तांतरण
- व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिए 50,000 की धनराशि
- हर परिवार को 25 लाख की कैशलेस हेल्थ कवर की गारंटी होगी

जारी की 284 नामों की सूची

### बहरामपुर से अधीर रंजन

**कोलकाता।** बंगाल चुनाव के लिए कांग्रेस ने 294 सीटों में से 284 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर सीट से लड़ेंगे।

शाह ने सोनितपुर में चुनावी सभा में किया ऐलान

### असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। शाह ने जनता से कहा कि आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो।

मुख्यमंत्री ममता की हुंकार

## भाजपा अगर बंगाल में आई तो नॉनवेज खाना बंद कर देगी



**पुरलिया।** बंगाल में सत्ताधारी टीएमसी की तरफ से सीएम ममता बेनर्जी ताबड़तोड़ प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने पुरुलिया में भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि अगर यहां में भाजपा आई तो लोग नॉनवेज नहीं खा पाएंगे। महिलाओं को लक्ष्मी भंडार से लाभ हुआ है, भाजपा चुनाव से पहले कुछ धनराशि देगी लेकिन बाद इसे बंद कर देगी। बंगाल चुनाव से पहले, एसआईआर के माध्यम से 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए।

**शाह पर साधा निशाना**

ममता ने कहा कि भाजपा के एक बड़े नेता ने टीएमसी के खिलाफ अपना 'आरोपपत्र' दाखिल कर दिया है। उनके खिलाफ भी 'आरोपपत्र' दाखिल किया जाना चाहिए। गुजरात में इतने दंगे हुए थे। लोग कहते हैं कि मैं पट्टी बांधकर घूमती हूं, मैंने मौत को मात दी है। डॉक्टर की रिपोर्ट देखें।

तमिलनाडु में टीवीके ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

### पार्टी प्रमुख विजय 2 सीटों से मैदान में उतरेंगे



तमिलनाडु चुनाव में टीवीके प्रमुख विजय ने रविवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। विजय ने घोषणा की कि चुनावों में दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। वे चेन्नई के पेराम्बुर और त्रिची ईस्ट से 'सी जोसेफ विजय' के रूप में मैदान में उतरेंगे। विजय ने कहा मैंने ऐसे उम्मीदवार चुने हैं जो जनता के साथ खड़े होंगे।

**खबर संक्षेप**

### एससी महिलाओं को हर माह देंगे 1000-1500 रु.


**अमृतसर।** पंजाब सरकार की रविवार को हुई कैबिनेट बैठक कई



बड़े फैसले लिए गए। सीएम भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में महिलाओं को हर महीने 1-1 हजार रुपए देने की योजना पर मुहर लग गई है। एससी वर्ग की महिलाओं को हर माह 1500 रुपए मिलेंगे। अप्रैल से बैंक खातों में पैसे आएंगे। 18 साल से बड़ी महिलाएं पात्र हैं।

### गाजियाबाद में ऑयल फैक्ट्री में आग का तांडव

**गाजियाबाद।** साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित



आजाद ऑयल एक्सपेलर फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में तेल, कच्चा माल और पैकिंग के गत्ते बड़ी मात्रा में रखे होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था।

### बंगाली एक्टर राहुल का 43 की उम्र में निधन

**कोलकाता।** बंगाली फिल्म चिरोडिनी तुमी जे आमार के



अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी का 29 मार्च 2026 को दुखद निधन हो गया। वे ओडिशा के तलसारी बीच में शूट के दौरान डूबने की घटना का शिकार हुए। अस्पताल ले जाते समय उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वे जाने माने अभिनेता थे। कई हिट फिल्मों में काम किया था।

### अल्मोड़ा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी,2 युवकों की मौत

**अल्मोड़ा।** तहसील देघाट के ग्राम चिन्तोली में रविवार को एक



दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम प्रहरी चंदन सिंह ने घटना की सूचना थाना देघाट को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

# हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा, लोग अफवाहों से बचें और संयम बनाए रखें

कांग्रेस दुष्प्रचार कर जान खतरे में डाल रही

### इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' और प्रेरक प्रयासों का जिक्र भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस एपिसोड की शुरुआत में मिडिल ईस्ट तनाव और ऊर्जा संकट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान ऊर्जा संकट की स्थिति में भारत डटकर इसका मुकाबला कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया एक नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन वर्तमान काल में दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थिति बनती चली गई है। हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। खाड़ी देशों का आभार जताते हुए कहा कि हमारे लाखों परिवारों के सगे- संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं गल्फ देशों का आभारी हूं कि वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है।




**इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए**

पीएम मोदी ने बताया कि भारत ऊर्जा संकट का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने देश के लोगों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में जो देश का सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। यह चुनौतीपूर्ण समय है। सभी देशवासियों से आग्रह करूंगा कि एकजुट होकर उस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यह देश का सवाल है।

**लोगों के जज्बे को सराहा**

मोदी ने वाराणसी में हुए एक प्रेरक प्रयास का जिक्र किया। वहां सिर्फ एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और इस प्रयास ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस काम की सबसे खास बात यह थी कि हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र, जवान, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर इसे संभव बनाया। यह जनभागीदारी का स्वरूप पहले से ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में दिखाई देता है। इस अभियान के तहत पूरे देश में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं।

**शुगर और तेल का इस्तेमाल कम करें**

प्रधानमंत्री ने कहा,जीवनशैली और खानपान में थोड़ा बदलाव करने से कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है। खाने में शुगर व तेल की कटौती और रोजाना व्यायाम सबसे अहम है। पीएममोदी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

**साइंस एजुकेशन में नवाचार को सराहा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पुरानी कहावत है 'करत करत अभ्यास के, जड़मत होत सुजान' यानी हम जब निरंतर अभ्यास करते हैं तो उतनी ही ज्यादा बुद्धिमत्ता हासिल करते जाते हैं। लोग भी सबसे बेहतर तब सीखते हैं जब उनकी सक्रिय भागीदारी होती है। उन्होंने बताया कि उन्हें बेंगलुरु में शिक्षा से जुड़े एक अनोखे प्रयास के बारे में जानकारी मिली है। यहां एक टीम प्रयोग शिक्षा अनुसंधान संस्थान चला रही है। इस टीम का रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर विशेष फोकस है। यह टीम स्कूल लेवल पर साइंस एजुकेशन को पॉपुलर बनाने में जुटी है। उन्होंने 'अन्वेषण' नाम का एक प्रयोग किया है।

### जल संरक्षण पर भी दिया जोर


पीएम मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 'जल संचय अभियान' ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं। कई स्थानों पर पुराने तालाबों की सफाई की जा रही है और बरसात के पानी को सहेजने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने बताया कि अमृत सरोवर अभियान के तहत देशभर में लगभग 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की जंपुई पहाड़ियों में स्थित वांगमुन गांव 3000 फीट की ऊंचाई पर बसा है। गांव वालों ने बारिश के पानी को सहेजने का संकल्प लिया।

**फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान दें, दुआ को किया याद**

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस जी अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग को बढ़ावा दे रहे हैं। वे लोगों को योग सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ की पोस्ट पर उनके पिता के शुगर सेवन को कम करने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

तेलंगाना विधानसभा में हंगामा

## बीआरएस के 24 विधायक दो दिन के लिए निलंबित



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा में सोमवार को भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही में लगातार बाधा डालने और हंगामा करने के आरोप में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 24 विधायकों को दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस निलंबन के बाद विपक्षी दल ने सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया है।

**भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप पर भिड़े**

पूरे विवाद की जड़ सूबे के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर लगे कथित भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप हैं। सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। मुख्य विपक्षी दल बीआरएस के विधायक इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो गए। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि इन आरोपों की जांच के लिए 'हाउस कमेटी' बनाई जाए। विपक्षी दल ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाने की भी कोशिश की। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसे

## 2 मां और 2 बच्चों की मौत चारों को ट्रकों ने कुचल दिया



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए 2 दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

**डीसीएम ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी**

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत 5 लोग घायल हो गए। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे।

युद्ध संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

## मप्र सहित 21 राज्यों के पेट्रोल पंपों पर मिलेगा मिट्टी का तेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक तनाव के बीच भारत सरकार ने आमजन को राहत देने बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा सरकार ने केरोसिन यानी मिट्टी के तेल की सप्लाई आसान बनाने के लिए नियमों में ढील दी है। इसका मकसद है कि जिन इलाकों में गैस या बिजली की कमी है, वहां लोगों को खाना बनाने और रोशनी के लिए तुरंत केरोसिन मिल सके। पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंस से जुड़े कुछ नियमों को अस्थायी तौर पर आसान किया है। मप्र सहित 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में




जरूरत के हिसाब से केरोसिन की सप्लाई की जा सकेगी। यहां चयनित पेट्रोल पंपों पर मिट्टी का तेल आसानी से मिल सकेगा। यह फैसला तब लिया, जब ईरान युद्ध के कारण दुनिया में ऊर्जा सप्लाई प्रभावित है और कई जगह ईंधन की कमी की आशंका बनी हुई है।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों को चेतावनी दी

# उत्तराखंड व पहाड़ी राज्यों में गिरेगी बर्फ- बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम भारत में अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसमें सोमवार को सबसे ज्यादा बारिश होगी। कश्मीर घाटी में बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस हफ्ते के दौरान उत्तर पूर्वी और उससे सटे पूर्वी भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं से लेकर काफी बड़े इलाके में बारिश होने की संभावना है। एक अप्रैल के बीच उत्तर पूर्वी भारत में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस हफ्ते के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

### कुछ राज्यों में गरज-चमक के साथ ओले भी गिरेंगे



**अकोला रहा सबसे गर्म**

महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, आंतरिक ओडिशा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिणी मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर, राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल के कुछ स्थानों पर और राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल में अधिकतम तापमान सीमा में रहा। अधिकतम तापमान 41.2 अकोला में दर्ज किया गया।

**4 अप्रैल तक मौसम में रहेगा बदलाव**

उत्तर पश्चिम भारत में 2 और 3 अप्रैल को जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद में, 30 मार्च और फिर 3 और 4 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में, 29-31 मार्च को उत्तराखंड में, काफी बड़े इलाके से लेकर बड़े इलाके तक हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

**पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश संभावित**

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कुछ जगहों से लेकर बिखरी हुई हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 30 मार्च को कश्मीर घाटी में कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, जम्मू कश्मीर, पश्चिमी राजस्थान हिमाचल प्रदेश, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, उत्तराखंड में कुछ जगहों पर ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

यूएस मीडिया रिपोर्ट का खुलासा- 3500 मरीन मिडिल ईस्ट में धावा बोलेंगे

# अमेरिका कर रहा बड़े जमीनी हमले की तैयारी, उधर ईरान ने कहा हमारे सैनिक इंतजार में हैं, जलाकर राख कर देंगे

स्पेशल फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान होंगे ऑपरेशन में शामिल

*अमेरिका और ईरान के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान में हुई बैठक भी कोई समाधान नहीं निकल पाई। कुल मिलाकर शांति की जगह ये जंग और भयंकर रूप ले रही है। अमेरिका जहां सैकड़ों मरीन, सैनिक और पोत भेजने की तैयारी कर रहा है वहीं ईरान की इसकी खबर लगते ही उसने साफ शब्दों में कह दिया कि आइए हमारे सैनिका उनका स्वागत करके नर्क भेजेंगे और जलाकर राख कर देंगे?*


मार्को रूबियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग को लेकर यूएस की मीडिया ने बड़ा खुलासा किया है। यूएस मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि हजारों की संख्या में अमेरिकी सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंच रहे हैं। यह युद्ध का एक नया और खतरनाक दौर बन सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ईरान में जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है। यूएस अधिकारियों के हवाले दावा किया है कि कोई भी संभावित जमीनी ऑपरेशन पूरी तरह से हमला नहीं होगा। इसके बजाय, इसमें स्पेशल ऑपरेशन फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान शामिल होंगे। ऐसे मिशन में यूएस सैनिकों को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें ईरानी ड्रोन और मिसाइलें, आमने-सामने की जंग और आईईडी का हमला शामिल हैं। वहीं ट्रंप लगातार दोहरी बात कर रहे हैं।

कभी वह कहते हैं कि युद्ध अब खत्म होने वाला है, तो कभी वह इसे और बढ़ाने की धमकी देते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका बिना जमीनी सैनिकों के भी अपने सभी लक्ष्य हासिल कर सकता है, लेकिन रिपोर्ट में बताया कि इसके लिए काफी पहले से ही योजना बनाई जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि यह कोई आखिरी समय में की गई योजना नहीं है।विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी अम्फीबियस फोर्स समुद्र-आधारित हमलों और जमीनी अभियानों दोनों के लिए सक्षम है। पेंटागन ने पहले 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के पैराट्रूपर्स को भी मध्य पूर्व भेजने का आदेश दिया था, जो क्षेत्र में तनाव बढ़ने का संकेत है। विश्लेषकों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ईरान की तेल सुविधाओं और मिसाइल क्षमता को लक्ष्य बनाकर क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहता है। हालांकि, जमीनी अभियान से अमेरिकी सैनिकों को काफी जोखिम हो सकता है और युद्ध लंबा खिंचने की आशंका बनी हुई है।

## ईरान का दावा 10 से ज्यादा घायल हुए अमेरिकी सैनिक


मलबे में बदल गया अमेरिकी विमान

हमले में बर्बाद हुआ 6600 करोड़ का एयरक्राफ्ट

### ईरानी मिसाइल ने तोड़ी यूएस एयरफोर्स की बैकबोन!

*सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिका की सैन्य क्षमताओं को बड़ा झटका दिया है। 27 मार्च को हुए इस हमले में अमेरिकी वायुसेना का बेहद अहम ई-3 सेंचुरी अवेकस विमान क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही हवा में ईंधन भरने वाले कई टैंकर विमान भी इस हमले की चपेट में आए। ईरान के दावे के मुताबिक उसके इस हमले में 10 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में ई-3सेंचुरी अवेकस विमान को भारी नुकसान पहुंचा दिख रहा है। हालांकि, अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने इस घटना पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*

*इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने भी अपने एक्स हैंडल से हमले में बर्बाद हुए इस विमान की तस्वीरें पोस्ट की हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, हमले से पहले इस बेस पर करीब छह ई-3 सेंचुरी विमान तैनात थे। यह एक सर्विलांस विमान होता है, जिसका इस्तेमाल आसमान से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित खतरे का पता लगाने के लिए होता है। ईरानी हमले में इस महत्वपूर्ण विमान को हुए नुकसान से क्षेत्र में अमेरिका के एरियल ऑपरेशन की क्षमता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस एक विमान की कीमत 6600 करोड़ रुपए के करीब है।*

### क्यों अहम है ई-3 सेंचुरी विमान

*ई-3 सेंचुरी विमान को अमेरिका के एरियल ऑपरेशन का बैकबोन माना जाता है। यह विमान हवा में उड़ता हुआ एक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की तरह है, जो अमेरिकी वायुसेना को इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस (खुफिया जानकारी जुटाना) जैसी महत्वपूर्ण क्षमताएं प्रदान करता है। 1970 के दशक से सेवा में मौजूद यह विमान कई बड़े सैन्य अभियानों- जैसे ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म, कोसोवो युद्ध, इराक और अफगानिस्तान अभियानों, ऑपरेशन इनहेरेंट रिजॉल्व में निर्णायक भूमिका निभा चुका है। यह प्लेटफॉर्म विशाल हवाई क्षेत्र की निगरानी करने, विभिन्न लड़ाकू विमानों के बीच तालमेल बैठाने में सक्षम है। अमेरिका के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन और सऊदी अरब जैसे कई देशों की सेनाएं भी इसका इस्तेमाल करती हैं।*

## अमेरिकी सैनिकों को नर्क में भेजकर दम लेंगे हमारे सैनिकः ईरान


ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच महीनेभर से मिडिल ईस्ट में जंग छिड़ी हुई है। दोनों देशों ने मिलकर ईरान पर कई हमले किए हैं, जिस पर तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करके पलटवार किया है। अब अमेरिका ईरान में जमीनी सैनिकों को उतारने की तैयारी कर रहा है। उसने मिडिल ईस्ट में हजारों अमेरिकी सैनिकों को भेज भी दिया है। अटकलें लग रही हैं कि अमेरिकी सैनिक ईरान के लिए सबसे महत्वपूर्ण खर्ग द्वीप पर कब्जा जमाने के लिए जाएंगे। इस बीच, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा हैकि अगर ईरान की सेनाएं जमीन पर अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रही हैं, ताकि उन्हें जलाकर राख कर सकें और उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सजा दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारी गोलाबारी जारी है। हमारी मिसाइलें अपनी जगह पर तैनात हैं। हमारा संकल्प और विश्वास और बढ़ गया है। ईरान के आधिकारिक मीडिया के अनुसार, उन्होंने अमेरिका को जमीनी हमले के खिलाफ चेतावनी दी, और धमकी दी कि अगर अमेरिकी सेना ईरानी जमीन पर उतरी, तो इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैनिकों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ा जवाबी हमला किया जाएगा। उन्होंने अमेरिका की 15 सूत्रीय योजना को, जिसे पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते ईरान को सौंपा था उनकी इच्छाएं बताया, और कहा कि ट्रंप प्रशासन इस योजना के ज़रिए वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जिसे वह ताकत के बल पर हासिल करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा, जब तक अमेरिकी ईरान को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करने की कोशिश करते रहेंगे, हमारा जवाब साफ है। हम अपमान स्वीकार करने से कोसों दूर हैं। अमेरिकी मीडिया ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पेंटागन ईरान में हफ्तों तक चलने वाले सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है। इन अभियानों में संभवतः खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित तटीय ठिकानों पर छापे मारना भी शामिल हो सकता है। अपनी रिपोर्ट में बताया कि ये योजनाएं, जो पूर्ण-स्तरीय आक्रमण से कम हैं, विशेष अभियानों और पारंपरिक पैदल सेना के सैनिकों द्वारा की जाने वाली छापेमारी को शामिल कर सकती हैं। इससे अमेरिकी सैनिकों को ईरानी ड्रोन और मिसाइलों, जमीनी गोलाबारी और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के खतरे का सामना करना पड़ सकता है।

### 3500 मरीन पहुंच गए मध्य पूर्व क्षेत्र में

*इस बीच, यूएस सेंट्रल कमांड ने घोषणा की कि लगभग 3,500 मरीनों की एक टास्क फोर्स मध्य पूर्व पहुंच गई है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यूएस सैलर्स और मरीन्स यूएसएस ट्रिपोली (एलएचए 7) पर सवार होकर 27 मार्च को यूएस सेंट्रल कमांड क्षेत्र में पहुंचे।*

### सीधी भिड़ंत से दुनिया में मची खलबली

*अमेरिका-क्लास एम्फीबियस असेल्ट शिप ट्रिपोली ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप/ 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट (एमईयू) का फ्लैगशिप है। इसमें परिवहन और स्ट्राइक फाइटर एयरक्राफ्ट, एम्फीबियस असेल्ट और टैक्टिकल एसेट्स शामिल हैं। यह यूनिट तेजी से तैनाती, सामरिक स्थानों को सुरक्षित करने, निकासी या तटीय लक्ष्यों पर हमलों के लिए जानी जाती है। यह तैनाती ईरान के साथ चल रहे युद्ध से जुड़ी व्यापक अमेरिकी सैन्य बढ़ोतरी का हिस्सा है।*

दोनों की तस्वीरें जारी कर कहा लो इन्हें पहचान लीजिए

## ईरान ने स्कूल पर हमले के लिए यूएस के अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार


कमां. लीआर टेट,जेफरी ईयार्क

तेहरान वैसे तो इतिहास की किताबों में विवादों के न जाने कितने काले पन्ने दर्ज हैं, लेकिन पिछले दिनों ईरान के मीनाब शहर ने जो मंजर देखा, उसने इंसानियत को हमेशा-हमेशा के लिए शर्मसार कर दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरानी शहर मीनाब के 'शजरे तैयबा' गर्ल्स स्कूल पर एक नहीं, दो नहीं, बल्कि लगातार तीन टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। इस भीषण हमले में 168 मासूम स्कूली बच्चियों के चीथड़े उड़ गए। पूरा स्कूल परिसर देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गया। इस हमले की सबसे भयावह बात यह है कि इसमें 'ट्रिपल टैप' का इस्तेमाल किया गया। आंकड़ों से साफ हुआ है कि पहली मिसाइल गिरने के बाद जब चीख-पुकार मची और स्थानीय लोग व बचाव दल मलबे से बच्चों को निकालने के लिए दौड़े, ठीक उसी वक्त दूसरी और फिर तीसरी मिसाइल दागी गई। इस रणनीति का मकसद केवल तबाही मचाना नहीं, बल्कि मदद के लिए पहुंचने वाले लोगों को भी खत्म करना होता है। ईरान ने इस घटना के बाद सीधे तौर पर अमेरिकी नौसेना के दो अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया है। ईरान की ओर से दावा किया गया है कि बतौर कमांडिंग ऑफिसर ली आर टेट ने टॉमहॉक मिसाइलों को लॉन्च करने का आदेश दिया था। वहीं, कार्यकारी अधिकारी जेफरी ई यॉर्क ने इस पूरे घातक ऑपरेशन की योजना बनाई थी। ईरान ने अब दोनों अधिकारियों की तस्वीर साझा करते हुए इन्हें युद्ध अपराधी करार दिया है।

### ईरान बोला- होर्मुज के पास हमारा दबदबा बढ़ा

ईरान ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट के आसपास उसका दबदबा बढ़ गया है और अमेरिकी जहाजों को पीछे हटना पड़ा है। ईरानी नौसेना के एक कमांडर ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके जहाज उनकी रेंज में आए तो उन्हें तटीय मिसाइलों से निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिकी सेना के करीब आने का इंतजार कर रहा है, ताकि जवाबी कार्रवाई की जा सके। ईरान ने यह भी दावा किया कि उसके मिसाइल मूवमेंट के कारण अमेरिकी युद्धपोत USS अब्राहम लिंकन को सैकड़ों मील दूर हटना पड़ा।

### ईरान ने 86वीं बार मिसाइल-ड्रोन स्ट्राइक की


तेलअवीव में धमाका

ईरान ने इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर 86वीं बार मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक, यह हमला लेबनान में इजराइली हमले में मारे गए तीन पत्रकारों मारे गए थे। इस हमले में भी बड़ी संख्या में मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

### यूएई ने ईरान के 42 ड्रोन और 16 मिसाइलें मार गिराईं

यूएई ने कहा है कि उसने ईरान से दागे गए 42 ड्रोन और 16 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान अब तक यूएई पर 414 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1,900 से ज्यादा ड्रोन दाग चुका है। अधिकारियों ने बताया कि देश की एयर डिफेंस सिस्टम लगातार हमलों को नाकाम कर रही है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

### ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 2,076 पहुंचा


ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में जारी जंग के बीच मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,076 हो गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मृतकों में 216 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अब तक 26,500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें 1,767 बच्चे शामिल हैं। हमलों के कारण 336 स्वास्थ्य और इमरजेंसी सेंटर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### अमेरिका-इजराइल हमलों से ईरान के मिसाइल ठिकानों को नुकसान

अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के कई अहम मिसाइल ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसकी सैन्य क्षमता प्रभावित हुई है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में भूकंप आया होई हताहत नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। स्थानीय समयानुसार रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था।

### नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। धन शोधन जांच विभाग से अनुरोध प्राप्त होने के बाद पुलिस ने खड्का को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

### डांस क्लब में लगी आग, लोगों ने भागकर बचाई जान



**बर्लिन।** दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी में रविवार तड़के एक 'डांस क्लब' में आग लग गई और इस बीच वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। यह घटना फ्रांस की सीमा के पास स्थित केहल शहर में हुई और घटना के समय वहां 750 लोग मौजूद थे, मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार तीन लोगों को घटना से गहरा सदमा पहुंचा और उनका मौके पर ही इलाज किया गया।

सुरक्षा बलों की सख्ती और सरकार की पुनर्वास व विकास योजनाओं के चलते हिंसा में भारी गिरावट आई

अब खात्मे के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

# दस साल में 10 हजार से ज्यादा माओवादियों का आत्मसमर्पण, अर्बन नक्सल पर भी नकेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर है। पिछले 10 साल में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के दबाव और सरकार की पुनर्वास नीतियों ने इस उग्रवाद को करारा झटका दिया है। केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की थी। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में 2,300 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। वहीं, 2026 के पहले तीन महीनों में ही 630 से ज्यादा कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। सरकार ने अब पुरानी और बिखरी हुई नीतियों की जगह एक मजबूत और एकजुट रणनीति अपनाई है। पहले लाल गलियारे (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश) में ठेकेदार काम करने से डरते थे। अब केंद्र सरकार ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को मुख्य इलाकों में सड़कें बनाने का काम दिया। इसमें विद्रोह के इन गढ़ों में पांच मुख्य सड़कों और छह ज़रूरी पुलों का निर्माण शामिल था। माओवादी से प्रभावित इलाकों में 15,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, जिनमें से 12,250 किलोमीटर सड़कें अकेले पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं।

### माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए गंभीरता से प्रेरित किया गया



एआई इमेज

हर साल सैकड़ों नक्सली कर रहे आत्मसमर्पण

### सुरक्षा के मोर्चे पर बड़े बदलाव

सुरक्षा के मोर्चे पर भी बड़े बदलाव हुए हैं। साल 2014 में केवल 66 मजबूत पुलिस स्टेशन थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 586 हो गई है। पिछले 6 साल में 361 नए सुरक्षा कैंप बने हैं। ऑपरेशन की ताकत बढ़ाने के लिए 68 नाइट-लैंडिंग हेलीपैड भी बनाए गए हैं। इसका असर यह हुआ कि नक्सली घटनाओं वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 330 से घटकर सिर्फ 52 रह गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार माओवादी आंदोलन बिना किसी बड़े नेता के रह गया है।

### आम लोगों तक पहुंच रहीं योजनाएं

*इसका असर है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब आम लोगों तक पहुंच रहा है। पीएम-आवास योजना के तहत घरों की संख्या 92,847 से बढ़कर 2.54 लाख से ज्यादा हो गई है। आधार नामांकन और आयुष्मान कार्डों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा के लिए 250 एकलव्य स्कूल मंजूर हुए हैं, जिनमें से 179 चल रहे हैं। इनके अलावा, 11 केंद्रीय विद्यालय और 6 नवोदय विद्यालय भी संचालित हो रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने के लिए 48 जिलों में आईटीआई और कौशल विकास केंद्र बनाए गए हैं। इससे नक्सलियों की नई भर्ती रुकी है। संचार के लिए 9,000 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। रेलवे ने भी बस्तर से छत्तीसगढ़ के बीच रेल लाइन बिछाई है। दंतेवाड़ा से मुनुगुरु तक नई रेल लाइन का सर्वे भी पूरा हो गया है।*

### मदद, ट्रेनिंग व रहने को घर

*नक्सलियों की फंडिंग रोकने के लिए एनआईए और ईडी ने करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की है। इससे शहरी नक्सलियों और उनके सूचना तंत्र को गहरा नुकसान पहुंचा है। सरकार की नई पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद, ट्रेनिंग और घर भी दिया जा रहा है।*

पीएम मोदी को फोन किया और मिल गया तेल

## 38 हजार मीट्रिक टन तेल भारत ने श्रीलंका भेजा, राष्ट्रपति ने कहा-शुक्रिया

एजेंसी ▶▶ कोलंबो


फाइल फोटो

ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए उर्जा संकट के बीच तेल भेजने के लिए श्रीलंका ने भारत का धन्यवाद किया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत ने 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम सप्लाई भेजकर हमें मुश्किल से निकाला, जिसके लिए हम आभारी हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को बताया कि उनकी इस मुद्दे पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी से बात हुई थी। इसके कुछ ही दिन में भारत से मदद आ गई है। अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि कुछ दिन पहले मैंने पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी। मेरी उनसे श्रीलंका को मध्य-पूर्व के संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में आ रही रुकावटों पर चर्चा हुई थी। इसके बाद कल कोलंबो में 38,000 एमटी ईंधन पहुंच गया। भारत के त्वरित सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। करीबी समन्वय के लिए एस. जयशंकर को भी धन्यवाद देता हूं।

### भारत ने श्रीलंका को भेजी मदद

*भारत ने श्रीलंका को 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम की आपूर्ति की है। इसमें 20,000 एमटी डीजल और 18,000 एमटी पेट्रोल है, जो शनिवार को कोलंबो पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच फोन कॉल के बाद हुआ है। ऐसे में श्रीलंका के नेता लगातार दिल्ली को शुक्रिया कह रहे हैं। भारत के तेल भेजने के फैसले कीश्रीलंका के सांसद हर्षा डी सिल्वा ने जमकर तारीफ की है। सिल्वा ने कहा है कि पड़ोसी देश भारत ऐसे समय में हमें मदद भेज रहा है, जब हमें इसकी बहुत ज्यादा जरूरत है। भारत ने पहले भी बुरे वक्त में श्रीलंका का साथ दिया है। जब हम मुश्किल में होते हैं तो वे हमारी मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। हम उनका शुक्रिया करते हैं।*

सरकार के पास पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक

## 94000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे दो और बड़े-बड़े जहाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


एआई इमेज

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जंग के बीच होर्मुज संकट के मध्य भारत के लिए राहत भरी खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो ले जाने वाले दो एलपीजी वाहक- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम सुरक्षित रूप से होर्मुज कर चुके हैं और भारत के तटों की ओर बढ़ रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में विवरण साझा करते हुए, इसने आगे कहा कि बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च को पहुंचने की अपेक्षित समय के साथ मुंबई की ओर बढ़ रहा है,और बीडब्ल्यू ईएलएम 1 अप्रैल की अनुमानित आगमन तिथि के साथ न्यू मैंगलोर के रास्ते में है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि क्षेत्र में कार्यरत भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं।

नई सरकार का शासन में सुधार के लिए 100 सूत्रीय एजेंडा

# बालेन का ऐलान, नेपाल में छात्र राजनीति पर बैन

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र (बालेन) शाह ने शपथग्रहण के बाद शासन में सुधारों का 100 सूत्रीय एजेंडा पेश किया है। इसके तहत उन्होंने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में नेपाल की शिक्षा व्यवस्था में कई बड़े बदलावों की घोषणा की है। शाह की सरकार ने नेपाल के स्कूलों और विश्वविद्यालयों में राजनीतिक दलों से जुड़े छात्र संगठनों पर रोक लगा दी है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर नेपाली अधिकारियों ने ऐसे समूहों को निर्देश दिया है कि वे एक तय समय-सीमा के भीतर कैंपस से अपनी मौजूदगी हटा लें। छात्रों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, सरकार 90 दिनों के भीतर गैर-राजनीतिक छात्र परिषदें शुरू करेगी। यह छात्रों की आवाज उठाने के लिए एक ऐसा मंच होगा जिसमें कोई राजनीतिक दखल नहीं होगा।

### नेपाल सरकार ने जारी किया आदेश

नेपाल सरकार के दस्तावेज में कहा गया है, प्रशासन को राजनीति-मुक्त करना। सभी सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए राजनीतिक दलों से जुड़ाव पर रोक लगाई जाएगी और पक्षपातपूर्ण ट्रेड यूनियनों को खत्म किया जाएगा। इसमें आगे यह भी कहा गया है, कैंपस से राजनीतिक छात्र संघों को हटाया जाएगा और 90 दिनों के भीतर उनकी जगह गैर-राजनीतिक 'छात्र परिषदें' बनाई जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह घोषणा इस लक्ष्य के साथ की गई है कि राजनीतिक दखल को खत्म करके छात्रों की असली आवाज सुनी जा सके।



### पांच दिन की हिरासत में ओली, देशभर में प्रदर्शन

*नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।*

### 5वीं क्लास तक कोई परीक्षा नहीं

नेपाल के स्कूलों-कॉलेजों में शैक्षणिक अव्यवस्था को दूर करने के लिए अब विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार ही परीक्षा के नतीजे प्रकाशित करने होंगे। इसके अलावा नेपाली विश्वविद्यालयों में एडमिशन के लिए नागरिकता प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होगी। स्कूल स्तर पर, सरकार ने 5वीं क्लास तक के छात्रों के लिए पारंपरिक आंतरिक परीक्षाओं को खत्म कर दिया है। इसके बजाय, उनकी प्रगति का मूल्यांकन वैकल्पिक और मनोवैज्ञानिक तरीकों से किया जाएगा।

### एम्स से पढ़ीं निशा नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री



दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से संबद्ध नर्सिंग महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निशा मेहता को नेपाल का स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया गया है। एम्स दिल्ली ने एक बयान में कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि संस्थान और संपूर्ण नर्सिंग समुदाय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। मेहता का रोगी की देखभाल करने से लेकर नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तक का सफर नर्सिंग पेशे के बढ़ते दायरे और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।



एमआई ने केकेआर को 6 विकेट से दी एकतरफा मात, रोहित और रिकल्टन ने की 148 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप

# मुंबई इंडियंस का रिकॉर्ड रन चेज, आईपीएल में खत्म किया लगातार 13 हार का सिलसिला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2026 के दूसरे मैच में ही मुंबई इंडियंस ने पहले मैच में केकेआर के खिलाफ 221 रन का रिकॉर्ड रन चेज करके इतिहास रचा। मुंबई का आईपीएल इतिहास में यह सबसे सफल चेज था। वहीं पिछले 13 सीजन में लगातार पहला मैच हारने का सिलसिला भी मुंबई ने खत्म किया। इस मैच में पहले खेलते हुए केकेआर ने 220 रन 4 विकेट पर बनाए थे। जवाब में मुंबई इंडियंस ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई की इस जीत में अहम योगदान निभाया ओपनर्स रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन ने। दोनों ने 71 गेंद पर 148 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित ने 38 गेंद पर 78 और रिकल्टन ने 43 गेंद पर 81 रन की पारी खेली।

### 5 साल बाद मुंबई ने किया सबसे सफल रन चेज

मुंबई इंडियंस के आईपीएल में सबसे सफल रन चेज की बात करें तो इससे पहले 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई ने 219 रन का अपना सबसे सफल चेज किया था। अब 5 साल बाद मुंबई ने अपना रिकॉर्ड तोड़ा और ऐतिहासिक रन चेज किया। ओवरऑल यह आईपीएल इतिहास का छठा सबसे सफल रन चेज था।

### 14 साल बाद मुंबई ने जीता पहला मैच

मुंबई इंडियंस को आईपीएल में 14 साल बाद पहले मैच में जीत मिली है। आखिरी बार मुंबई 2012 में आईपीएल के सीजन का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीती थी। उसके बाद से 2013 से 2025 तक लगातार 13 सीजन में मुंबई ने पहला मैच हारा था। अब आखिरकार यह मिथक टूटा और मुंबई ने 13 लगातार हार का सिलसिला खत्म किया।



### रहाणे ने तोड़ा गंभीर का रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 के दूसरे मैच में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने एमआई के खिलाफ बेहतरीन अर्धशतक लगाया। इस पारी के दम पर रहाणे ने केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। केकेआर के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे रहाणे ने 40 गेंदों पर 3 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 67 रनों की विस्फोटक पारी खेली। केकेआर के किसी भी कप्तान की मुंबई इंडियंस के खिलाफ यह सबसे बड़ी पारी है। इस पारी के आधार पर रहाणे ने गौतम गंभीर का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। गौतम गंभीर ने आईपीएल 2016 में कोलकाता में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 52 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली थी।

### एमआई की तरफ से 3 और केकेआर के लिए 2 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

मुंबई की तरफ से तीन खिलाड़ी पहली बार खेल रहे हैं। इनमें शार्दुल ठाकुर, वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज शेरफेन रदरफॉर्ड और अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह गजनफर शामिल हैं। वहीं कोलकाता की ओर से दो खिलाड़ियों का डेब्यू है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी को शामिल किया गया है। गजनफर पिछले सीजन में मुंबई का हिस्सा बने थे लेकिन चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। वहीं शार्दुल और शेरफेन पहली बार मुंबई का हिस्सा बने हैं। केकेआर ने ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपए देकर पिछले ऑक्शन में लिया था। वहीं मुजरबानी ने मुस्तफिजुर रहमान की जगह ली।

### आईपीएल में रोहित ने लगाया 'अर्धशतकों का 'अर्धशतक'

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल के दूसरे मुकाबले में तूफानी अर्धशतक लगाया। केकेआर के विरुद्ध रोहित ने 38 गेंदों में 6 छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 78 रन बनाए। यह आईपीएल में रोहित का 50वां अर्धशतक रहा। रोहित शर्मा आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली 72 अर्धशतकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि डेविड वॉर्नर (66) इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। शिखर धवन (53) तीसरे और केएल राहुल (45) पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। इस मुकाबले में रोहित ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो आईपीएल करियर में उनका सबसे तेज 'पचासा' है। इससे पहले रोहित साल 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध 25 गेंदों पर अर्धशतक लगा चुके हैं।

### 300 आईपीएल मैच खेलने वाली पहली टीम बनी मुंबई इंडियंस

मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत की। मुंबई की टीम अपना पहला मैच वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला। टीम के लिए ये मैच काफी खास रहा। मुंबई इंडियंस की टीम 300 टी20 मैच खेलने वाली पहली फ्रेंचाइजी टीम बनी। मुंबई इंडियंस की टीम दुनिया में 300 मैच खेलने वाली तीसरी टीम बनी। इससे पहले ये कारनामा पाकिस्तान और समरसेट ने किया है।

### स्कोर बोर्ड

| केकेआर स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 | 40 | 3 | 5 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 | 17 | 6 | 2 |
| ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 | 10 | 1 | 1 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 | 29 | 6 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 | 21 | 4 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10 कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन
गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

| मुंबई इंडियंस पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकलटन रन आउट | 81 | 43 | 4 | 8 |
| रोहित शर्मा का अनुकूल बो वैभव | 78 | 38 | 6 | 6 |
| सूर्यकुमार यादव का रिंकू बो त्यागी | 16 | 8 | 3 | 0 |
| तिलक वर्मा का सब बो नारायण | 20 | 14 | 4 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 18 | 11 | 3 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 05 | 2 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 06 कुल : 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन
गेंदबाजी : वैभव अरोड़ा 4-0-52-1, ब्लेसिंग मुजारबानी 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-43-1, सुनील नारायण 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0


### खबर संक्षेप



#### विश्व वुशू चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों ने जीते दो पदक

**तियानजिन।** भारतीय खिलाड़ियों ने 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं, जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। युवराज फिलीपींस के जिविएल बंताली को हराकर फाइनल में पहुंचे जबकि विक्टर ने मिस्र के सईद करीम मोहम्मद को हराकर खिताबी मुकाबले की ओर कदम बढ़ाया।

#### ब्रेक के बाद लय हासिल करने में मिली मदद : कोहली



**बेंगलुरु।** आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली। कोहली ने कहा,' वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैंने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।' कोहली ने कहा, 'मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था, जो आम तौर पर नहीं खेलता।

फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

## सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब सनशाइन डबल पूरा करने वाली बनीं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है।

### स्टेफी, किम के क्लब में शामिल हुईं आर्यना

आर्यना सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं, जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस-2001, सेरेना विलियम्स-2003 और विक्टोरिया अजारेंका-2012 के फाइनल में पहुंची हैं।



### 2 घंटे 11 मिनट तक चला मैच

मैच 2 घंटे 11 मिनट तक चला और गॉफ के एक वाइड बैकहैंड शॉट के साथ चौथी बार उनकी सर्विस टूटने पर समाप्त हुआ। एरिना की मियामी ओपन फाइनल में जीत ने उन्हें गॉफ के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड में 7-6 से आगे कर दिया। गॉफ ने जोरदार वापसी करते हुए तीसरे सेट तक मैच को ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह दर्शकों के जोरदार समर्थन से मिली गति को बरकरार नहीं रख सकीं। सबलेंका कई बार दर्शकों के शोर से परेशान हो गईं, खासकर तब जब एक लंबी रैली के दौरान किसी ने /"आउट/" चिल्ला दिया। उन्होंने उस दर्शक को अपशब्द कहे और चेयर अंपायर ने दर्शकों को चेतावनी दी, लेकिन साथ ही सबलेंका को आचार संहिता उल्लंघन का दंड भी दिया।

### गॉफ ने किए सात डबल फॉल्ट

गॉफ की अनियमित सर्विस के कारण सात डबल फॉल्ट हुए, जबकि सबालेंका ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। सबालेंका ने तीसरे सेट के पहले गेम में गौफ की पारी तोड़ दी, जिसमें गॉफ की डबल फॉल्ट और एक अनफोर्स्ड एरर का भी योगदान रहा। ब्रेक प्वाइंट पर, सबालेंका ने बैकहैंड विनर लगाकर शानदार जीत हासिल की।

## मैरी कॉम का नया पंच, अब प्रोफेशनल रिंग की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा,' छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।' मैरी कॉम ने कहा,' अभी इस बारे में सोच रही हूं।



मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं।' उन्होंने कहा,' मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं । कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।'

फॉर्मूला वन

## 19 साल के एंटोनेली का कमाल जापान ग्रांप्री में लगातार दूसरी जीत



एजेंसी ▶▶| सुजुका

मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन (शीर्ष स्थान से रेस शुरू करने का अधिकार) से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं।


### शुरुआत को बेहतर करने पर देना होगा ध्यान

एंटोनेली ने कहा, ' चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद उन्हें अपनी शुरुआत को बेहतर करने पर ध्यान देना होगा। इस युवा ड्राइवर ने कहा, 'मेरी शुरुआत खराब रही, मुझे बस यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। मुझे इसमें सुधार करना होगा क्योंकि इससे रेस में जीत या हार का बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।'

## फिट्जपैट्रिक ने जीता हीरो इंडियन ओपन का खिताब

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने वापसी करते हुए चार शॉट की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया, जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। लेकिन 18वें होल तक वह चार शॉट की बढ़त बनाए थे। फिट्जपैट्रिक ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक और चाकारा के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है, जो उनके एमेच्योर दिनों से शुरू हुई थी। एक साल पहले चाकारा ने हीरो इंडियन



ओपन 2025 खिताब जीता था और तब फिट्जपैट्रिक संयुक्त 17वें स्थान पर थे। हीरो मोटोकोर्प के कार्यकारी निदेशक डॉ पवन मुंजाल ने फिट्जपैट्रिक को ट्रॉफी और 433,500 डॉलर का चेक प्रदान किया। उन्होंने 585 अंक भी हासिल किए और रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए।

दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त

## रोमांचक मुकाबले में जीती साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने हैगली ओवल में खेले गए वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसी के साथ मेहमान टीम ने 3 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगले मुकाबले 1 और 4 अप्रैल को वेलिंगटन में खेले जाने हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम 268 रन पर सिमट गई। इस टीम को सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिम्मर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 9.1 ओवरों में 42 रन जोड़े। बेट्स 20 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि जॉर्जिया ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में



दिया। कप्तान अमेलिया केर ने 36 रन की पारी खेली। टीम 112 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से मैडी ग्रीन ने इजाबेला गेज के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 गेंदों में 70 रन की साझेदारी की। मैडी 83 गेंदों में 9 चौकों के साथ 85 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि गेज ने 37 रन बनाए।

### साउथ अफ्रीकी टीम ने अंतिम गेंद पर दर्ज की जीत

इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम ने अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इस टीम ने 30 के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे। यहां से एनेरी डर्कसेन ने सुने लुस के साथ तीसरे विकेट के लिए 141 गेंदों में 123 रन जुटाकर टीम को जीत की पटरी पर ला दिया। डर्कसेन 93 गेंदों में 8 चौकों के साथ 72 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि लुस ने 53 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इस बीच कायला रेनेके ने नादिन डी क्लर्क के साथ सातवें विकेट के लिए 48 रन जुटाए। नादिन 39 रन बनाकर आउट हुईं। रेनेके ने 32 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ नाबाद 42 रन बनाए। इस टीम ने अंतिम ओवर में 14 रन बनाकर यह मैच जीता।

राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका

## एशियाई चैंपियनशिप: मजबूत शुरुआत पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर (मंगोलिया)

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।



### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी लवलीना

महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।

### भारतीय कोचिंग ढांचे में बदलाव

भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सीए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो ) पर रहेगा।


# मप्र में चुनावी चंदे का असंतुलन, 97% राशि भाजपा को, कांग्रेस को सिर्फ 2.5%

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजनीति में आर्थिक संसाधनों के असंतुलन को उजागर करने वाली एक अहम रिपोर्ट सामने आई है। एडीआर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रदेश में सक्रिय राजनीतिक दलों को कुल 55.779 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला। इसमें से लगभग 97 प्रतिशत राशि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्राप्त हुई, जबकि कांग्रेस को महज 2.5 प्रतिशत चंदे से संतोष करना पड़ा।

रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा को करीब 54.03 करोड़ रुपये का चंदा मिला, जो कुल राशि का लगभग पूरा हिस्सा है। इसके विपरीत कांग्रेस को केवल करीब 1.33 करोड़ रुपए ही प्राप्त हुए। अन्य दलों में आम आदमी पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) को भी सीमित मात्रा में आर्थिक सहयोग मिला, जो कुल चंदे का बहुत छोटा हिस्सा है।

## एडीआर की रिपोर्ट से हुआ बड़ा खुलासा



## कॉरपोरेट और बिजनेस हाउस रहे चंदे के सबसे बड़े स्रोत

एडीआर की इस रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि प्रदेश में चुनावी चंदे का सबसे बड़ा स्रोत कॉरपोरेट और बिजनेस हाउस रहे। कुल 55.779 करोड़ रुपये में से करीब 38.48 करोड़ रुपये कॉरपोरेट क्षेत्र से आए, जो दर्शाता है कि कंपनियां और व्यावसायिक समूह राजनीतिक दलों को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। वहीं व्यक्तिगत दानदाताओं का योगदान लगभग 17.21 करोड़ रुपये रहा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह का असमान वितरण चुनावी प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकता है। जिन दलों के पास अधिक संसाधन होते हैं, वे प्रचार-प्रसार, संगठन विस्तार और चुनावी रणनीतियों में बढ़त बना लेते हैं। ऐसे में छोटे और संसाधन-विहीन दलों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

### मध्य प्रदेश चंदा प्राप्त करने के मामले में देश में 12वें स्थान पर

रिपोर्ट में राज्यों के बीच तुलना भी की गई है, जिसमें मध्य प्रदेश चंदा प्राप्त करने के मामले में देश में 12वें स्थान पर है। दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक दलों को इससे अधिक चंदा प्राप्त हुआ है। हालांकि, एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि मध्य प्रदेश में राजनीतिक दलों को मिला कुल चंदा उत्तर प्रदेश से अधिक बताया गया है, जहां दलों को करीब 52.475 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई।

### भाजपा को मिलने वाले चंदे में 171 प्रतिशत की बढ़ोतरी

*राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा की फंडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एडीआर के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीजेपी को मिलने वाले चंदे में 171 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कांग्रेस को भी पिछले वर्ष की तुलना में कुछ वृद्धि मिली है, लेकिन यह वृद्धि भाजपा के मुकाबले काफी कम है। आम आदमी पार्टी को मिलने वाले चंदे में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।*

### चुनावी सुधार और फंडिंग के नियमों पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता

*विशेषज्ञों का मानना है कि चुनावी चंदे में पारदर्शिता और संतुलन लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। एडीआर की यह रिपोर्ट न केवल राजनीतिक दलों की आर्थिक स्थिति को सामने लाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि भविष्य में चुनावी सुधार और फंडिंग के नियमों पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है।*

## खबर संक्षेप

### बीयू: पीएचडी कोर्स वर्क के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विवि ने पीएचडी के कोर्स वर्क आवेदन की तारीख निर्धारित की है। इसके साथ ही कोर्स वर्क के लिए शुल्क की जानकारी भी दे दी गई है। जारी अधिसूचना पीएचडी प्रवेश सत्र-2024-2025 के शेष अभ्यार्थी और सत्र-2025-2026 के अभ्यार्थियों की आरएसी साक्षात्कार के बाद पात्र अभ्यार्थियों को कोर्सवर्क के लिए पंजीयन कराया जाना है। कोर्स वर्क रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थी नामांकन शाखा से नामांकन प्राप्त कर विवि की वेबसाइट पर 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए शुल्क 5000/- एक बार में सभी अभ्यार्थियों को देना होगा।

### कॉलेजों में 10 मई के बाद शुरू होंगे एडिमशन

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के सरकारी और निजी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश प्रक्रिया 10 मई 2026 के बाद शुरू हो सकती है। उच्च शिक्षा विभाग 12वीं के परिणामों के बाद एमपीऑनलाइन के बजाय अधिक यूजर-फ्रेंडली और क्लाउड-आधारित पोर्टल ई-प्रवेश के माध्यम से पूरी तरह से ऑटोमेटेड एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। प्रवेश प्रक्रिया मई से शुरू होकर जुलाई तक चलेगी, जो प्रमुख रूप से 3 चरणों में पूरी होगी। इस बार भी रजिस्ट्रेशन ई प्रवेश के जरिए होंगे, जो क्लाउड-आधारित होगा। ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था रहेगी, जिससे छात्रों को कॉलेज जाने की आवश्यकता कम होगी। एडमिशन प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन से लेकर सीट अलॉटमेंट तक पूरी प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी।

## काटजू अस्पताल में नवजात की मौत पर भड़के परिजन

# तलवार लेकर पहुंचे युवक ने महिला डॉक्टर और स्टाफ को धमकाया

### स्टाफ ने खुद को कमरे में किया बंद, तब बचे



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में रविवार रात एक नवजात की मौत हो गई। इसके बाद परिजन भड़क गए और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया। इतना ही नहीं, प्रसूता के परिजन में से कोई व्यक्ति तलवार लेकर अस्पताल पहुंच गया और स्टाफ को धमकाने लगा। युवक के हाथ में तलवार देख महिला चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत टीटी नगर पुलिस को इसकी सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

### पहला बच्चा था, शनिवार को भर्ती किया था अस्पताल में भर्ती

*इस मामले में जानकारी देते हुए पीड़िता के देवर सूरज रैकवार ने बताया कि मेरी चाची संजना रैकवार नौ महीने की गर्भवती थीं। उन्हें शनिवार को काटजू अस्पताल में भर्ती किया गया था। सूरज ने बताया कि यह उनकी चाची का पहला बच्चा था। परिवार में खुशी का माहौल था, सभी एक और नई खुशी परिवार में आने का इंतजार कर रहे थे। रविवार शाम करीब पांच बजे उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हुई। लेबर रूम में प्रसव की प्रक्रिया चल रही थी, बच्चा आधा बाहर भी आ गया था, लेकिन अचानक डॉक्टर चाची संजना को ऑपरेशन थियेटर में ले गए। परिजनों को बताया गया कि स्थिति गंभीर है। कुछ देर बाद खबर दी गई कि मृत बच्चा पैदा हुआ है। यह सुन परिजन होश खो बैठे और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।*

### परिजन ने लगाया डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

*परिजन का कहना है कि जब प्रसव नॉर्मल होना था तो फिर अंतिम समय में ऑपरेशन की नौबत क्यों आई। इतना ही नहीं, जब ऐसे हालात थे तो ऑपरेशन के लिए इंतजार क्यों किया। पता चला है कि जिस समय संजना को दर्द हो रहा थे, उस समय अस्पताल में एक भी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मौजूद नहीं था। इसलिए ऑपरेशन में देर लगी और गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई।*

### डॉक्टर बोले- लेबर पेन के समय बिगड़ा मामला

*इस पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन ने अपनी सफाई दी है। अस्पताल इंचार्ज डॉ. रचना दुबे ने बताया कि महिला की स्थिति ठीक थी, लेकिन लेबर पेन के दौरान बच्चे का रोटेशन रुक गया। यह वो स्थिति होती है जब बच्चे का सिर नीचे आता है और वह मां के पेट से बाहर निकलता है,। इसलिए अंतिम समय में महिला को ऑपरेशन थियेटर में लेकर गए, लेकिन तब तक बच्चे दम तोड़ दिया और वह मृत स्थिति में बाहर आया।*

### अस्पताल में पहले भी आ चुके हैं लापरवाही के मामले

*यह पहली बार नहीं है कि काटजू अस्पताल में लापरवाही का मामला पहली बार आया हो, इससे पहले भी कई बार अस्पताल की फजीहत हो चुकी है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं तीन साल पहले 10 फरवरी 2023 की जब यहां एक महिला को भर्ती कराया गया था, जिसको नॉर्मल डिलीवरी होनी थी। प्रसूता का जब दर्द बढ़ा तो उसको नर्स ने ड्रिप चढ़ाई और इंजेक्शन लगाकर चली गई। इसके कुछ घंटों बाद ही नर्स ने बताया कि, बच्चे की मौत हो गई है। परिजनों को पता चला उन्होंने हंगामा कर दिया। परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर चक्का जाम कर दिया था।*

## 50 बड़े गांवों में होंगे भाजपा के सम्मेलन, पुराने वर्कर्स के घर जाएंगे नेता

# 7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्तियों में पहुंचेंगे मंत्री-विधायक और सांसद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आने वाली 7 से 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में 'गांव-बस्ती चलो अभियान' चलाया जाएगा। इस अभियान की कमान सीधे तौर पर क्षेत्र के दिग्गजों के हाथों में होगी, जिसमें सांसद, विधायक, महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों से लेकर पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से मैदान में उतरने के निर्देश दिए गए हैं। इस रणनीति के जरिए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पैठ को और अधिक गहरा करने की तैयारी में है।

6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर शनिवार को भाजपा की वर्चुअल मीटिंग हुई। इस बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रदेश भर के भाजपा पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

**वर्चुअल मीटिंग में सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने दिए दिशा निर्देश**

इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 बड़े गांवों को चिन्हित कर वहां विशेष कार्यक्रमों की सूची तैयार की गई है। इन गांवों में जाने वाले नेता केवल जनसभाएं ही नहीं करेंगे, बल्कि पार्टी की नींव रखने वाले पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनका आदर-पूर्वक सम्मान भी करेंगे । इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों से सीधा संपर्क साधकर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। भाजपा का मानना है कि पुराने कार्यकर्ताओं का अनुभव और नए लोगों का उत्साह मिलकर संगठन को और अधिक अपराजेय बनाएंगे ।

### केवल भाषण न दें, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मिलें

अभियान के दौरान गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पार्टी के बड़े नेता स्वयं झाड़ू थामकर श्रमदान करेंगे। इसके बाद चौपालों पर केंद्र की मोदी सरकार और एनडीए शासित प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि कार्यकर्ता केवल भाषण न दें, बल्कि उन लाभार्थियों से भी मिलें जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। इन लाभार्थियों के साथ जनसंपर्क कर उनके अनुभव के वीडियो बनाए जाएंगे और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा ताकि सरकार के काम का वास्तविक असर जनता के सामने आ सके।

### प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'प्रदेश टोली' तैनात

इतने व्यापक स्तर के अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर एक विशेष टोली का गठन किया गया है। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को इस 'गांव/बस्ती चलो अभियान' का विशेष प्रभार देते हुए सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर भी कार्यक्रमों की योजना और क्रियान्वयन के लिए 4 सदस्यीय समितियां बनाई जा रही हैं, जिनमें 1 संयोजक और 3 सह-संयोजक होंगे। पार्टी ने इन समितियों में एक महिला सदस्य की भागीदारी को अनिवार्य किया है, ताकि महिला मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के बीच अभियान का प्रभावी संदेश पहुंच सके।

## कुछ एजेंसियों पर मामूली भीड़, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी रही सामान्य

# रसोई गैस-पेट्रोल को लेकर प्रशासन की टीम रही सक्रिय, अवकाश के दिन भी खुलीं गैस एजेंसियां


एमपी नगर स्थित पेट्रोल पंप का दृश्य।


डीआईजी बंगला की गैस ऐजेंसी के हाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को रसोई गैस-पेट्रोल को लेकर स्थिति सामान्य रही। प्रशासन के निर्देश पर गैस एजेंसियां अवकाश के दिन भी खुली रहीं और जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम ने अलग-अलग इलाकों में निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी एजेंसी या गोदाम पर पैनिक जैसी स्थिति नहीं दिखी। हालांकि एजेंसियों पर सिलेंडर लेकर पहुंचे लोगों ने इंडेन कंपनी के मोबाइल नंबर 7718955555 पर बुकिंग नहीं होने की शिकायत की। शहर के जवाहर चौक, पांच नंबर, भेल बरखेड़ा, बैरागढ़, लालघाटी, गांधी नगर, अवधपुरी, हमीदिया रोड और अयोध्या बायपास सहित अन्य क्षेत्रों में एजेंसियों पर पांच से छह लोग सिलेंडर लेकर खड़े नजर आए। कहीं भी लंबी कतार या अव्यवस्था नहीं दिखी। शहर के करीब 2000 होटल और रेस्टोरेंट तक व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति जारी रही। इधर, शहर के 191 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य रही। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी या लंबी लाइन का सामना नहीं करना पड़ा। जिला खाद्य नियंत्रक जादौन ने अपील की है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और मिस काल या वाट्सऐप के माध्यम से ही गैस बुकिंग करें। कई पेट्रोल पंपों पर तो रविवार को इक्का-दुक्का वाहन की पेट्रोल भरवाते नजर आए।

## जल सुरंग के निर्माण में बाधाओं को दूर किया जाएगा

# शीघ्र पूर्ण होगा प्रदेश की सबसे बड़ी स्लीमनाबाद टनल का कार्य

*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक के साथ ही नर्मदा नियंत्रण मंडल और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट लिमिटेड के संचालक मंडल की हुई बैठक*

*गत दो वर्ष में हुए कार्यों से एक साथ लगभग 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई विस्तार की उपलब्धि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए। प्रशासकीय और वित्तीय कठिनाईयों को दूर कर लंबित कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने इस क्रम में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर तेजी से पूरा करने के प्रयासों की प्रशंसा भी की। प्रदेश की सबसे अधिक लम्बाई 11.952 कि.मी. की स्लीमनाबाद टनल (जल सुरंग) का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर शीघ्र ही उद्घाटन कार्यक्रम होगा।

### दो वर्ष की अवधि में रिकॉर्ड सिंचाई क्षेत्र का विस्तार

बरगी व्यपवर्तन परियोजना की स्वीकृति वर्ष 2008 में हुई थी। कार्यों में अनेक तरह की बाधाएं भी सामने आईं लेकिन बीते दो वर्ष में तेजी से कार्य पूरे किए गए। स्लीमनाबाद टनल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए प्रशासकीय और वित्तीय स्तर पर कमियों को दूर करते हुए कार्य पूर्ण किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और नर्मदा घाटी विकास विभाग ने परियोजना के कार्यों की सतत समीक्षा भी की है। टनल के पश्चात 1.85 लाख हेक्टेयर कमान क्षेत्र को हराभरा जीवन प्राप्त होगा। इस टनल के राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल्वे लाइनों, भूमिगत क्रॉसिंग और आबादी क्षेत्र इत्यादि के नीचे से सुरक्षित गुजरते हुए संरचना को कोई क्षति नहीं पहुंची।

### 6 जिलों के 2.45 लाख हेक्टेयर में बढ़ेगी सिंचाई

बरगी परियोजना से जबलपुर के निकट स्थित बरगी बांध से निकलने वाली ट्रांस-वैली कैनाल प्रदेश की सर्वाधिक 227 क्यूमेक डिस्चार्ज करयिंग कैपेसिटी की मुख्य नहर 197 किमी होगी। जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, पन्ना और रीवा जिलों के 1450 गांव की दो लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का वरदान मिलेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930